फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 33, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 28 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'खड़गे नाम मात्र के कांग्रेस अध्यक्ष'



## रिमोट कंट्रोल किसके हाथ में है सब जानते हैं

## देश कृषि में एक सार्थक बदलाव की तरफ बढ़ रहा: पीएम मोदी

**बेंगलुरुः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त जारी की। इस दौरान उन्होंने 2,700 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बहु-विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के साथ ही पुनर्विकसित बेलगावी रेलवे स्टेशन भवन को राष्ट्र को समर्पित किया।

**कर्नाटक में स्टार्टअप्स की बहुत चर्चाः** उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल हमारे देश में, कर्नाटक में स्टार्टअप्स की बहुत चर्चा होती है। मगर हम देखें तो बेलगावी में तो 100 साल पहले ही स्टार्टअप्स की शुरूआत हो गई थी और तभी से बेलगावी अनेक प्रकार की उद्योग के लिए इतना बड़ा बेस बन गया है।

**बेलगावी की विकास में नई गति आएगीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है उनसे बेलगावी की विकास में नई गति आएगी।



सैंकड़ों करोड़ रुपए के परियोजनाओं कनेक्टिविटी, पानी की व्यवस्था से जुड़े हैं। आप सभी को इन सभी विकास की योजनाओं के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

**छोटे किसानों के खातों में अब तक 2.5 लाख करोड़ रुपया जमाः** उन्होंने कहा कि आज का बदलता हुआ भारत हर वंचित को वरीयता देते हुए एक के बाद एक विकास के काम कर रहा है। हमारे देश में दशकों तक छोटे किसानों को नजरअंदाज किया गया, अब यही छोटे किसान इखढ सरकार की प्राथमिकता हैं। इन छोटे किसानों के खातों में अब तक 2.5 लाख करोड़ रुपया जमा किया जा चुका है।

**कांग्रेस पर भी निशाना साधा**

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं मल्लिकार्जुन खरगे जी का बहुत सम्मान करता हूं। अभी कांग्रेस का अधिवेशन चल रहा था, वो सबसे सीनियर नेता हैं। वहां धूप थी, लेकिन धूप में छतरी का सौभाग्य उनको नसीब नहीं हुआ, बल्कि छाता किसी और के लिए लगा था। ये देख कर जनता समझ रही है कि रिमोट कंट्रोल किसके हाथ में है।

**कृषि बजट 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादाः मोदी**

प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2014 के बाद से देश लगातार कृषि में एक सार्थक बदलाव की तरफ बढ़ रहा है। इखढ सरकार में हम कृषि को आधुनिकता से जोड़ रहे हैं।

कृषि को भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। साल 2014 में भारत का कृषि का बजट 25 हजार करोड़ था। इस बार हमारा कृषि बजट 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा है।

### कर्नाटक की कनेक्टिविटी पर बहुत अधिक फोकस कर रहे: पीएम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि खेती हो, इंडस्ट्री हो, पर्यटन हो, बेहतर शिक्षा हो या बेहतर स्वास्थ्य हो यह सब अच्छी कनेक्टिविटी से और सशक्त होते हैं। इसलिए बीते वर्षों से हम कर्नाटक की कनेक्टिविटी पर बहुत अधिक फोकस कर रहे हैं। इस समय कर्नाटक में रेलवे के 45 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। आप सोच सकते हैं कि इस से कितने लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा गन्ना किसानों के अधिकारों को प्राथमिकता पर रखा है और हमने 2016-17 से चीनी सहकारी समितियों को किए गए भुगतान पर कर माफ करने का प्रावधान किया है। इससे चीनी सहकारी समितियों को यूपीए सरकार की नीतियों के कारण जमा हुए 10,000 करोड़ रुपये के ऋण को बट्टे खाते में डालने में मदद मिलेगी।

# सिसोदिया को पांच दिन की सीबीआई रिमांड




**नई दिल्लीः दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली** के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में 4 मार्च तक की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। सिसोदिया को 4 मार्च को कोर्ट में पेश किया जाएगा। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश सुनाया। मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद 26 फरवरी को सीबीआई गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया की पांच दिनों की हिरासत की मांग की। सीबीआई ने कहा कि दिल्ली के आबकारी मंत्री के नाते सिसोदिया ने मंत्री समूह का नेतृत्व किया। थोक बिक्री के माडल पर कोई चर्चा नहीं हुई। तब कोर्ट ने सीबीआई से कहा कि आप आरोपों पर दलील रखें। सीबीआई ने कहा कि ये पूरा मामला लाभ कमाने का है। थोक बिक्री में लाभ का मार्जिन 5 फीसदी से अचानक 12 फीसदी कर दिया गया। इसके लिए गोपनीय तरीके से साजिश रची गई। तब कोर्ट ने पूछा कि आपको हिरासत क्यों चाहिए। तब सीबीआई ने कहा कि प्रभावी जांच के लिए पूछताछ जरूरी है। सिसोदिया की ओर से पेश वकील दायन कृष्णन ने हिरासत का विरोध करते हुए कहा कि उप-राज्यपाल ने मई 2021 में इस नीति को हरी झंडी दे दी। सीबीआई बताए कि कौन फोन कॉल या मैसेज सिसोदिया से जुड़ा है। सिसोदिया की ओर से वकील मोहित माथुर और सिद्धार्थ अग्रवाल ने भी सीबीआई की हिरासत की मांग का विरोध करते हुए दलीलें रखीं।

# गवर्नर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची पंजाब सरकार



**लुधियानाः** पंजाब के गवर्नर बीएल पुरोहित के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। गवर्नर ने सरकार को बजट सेशन की मंजूरी नहीं दी थी। जिसके खिलाफ सीएम भगवंत मान की अगुआई वाली सरकार ने याचिका दायर की है। इस मामले में कैबिनेट ने बजट सेशन की मंजूरी दी थी लेकिन गवर्नर ने उसे मंजूरी नहीं दी। गवर्नर ने उट भगवंत मान के उनके सवालों पर दिए जवाबों को लेकर आपत्ति जताई थी और कहा था कि वह इस बारे में लीगल राय लेंगे।

**सीएम भगवंत मान ने किया ट्वीटः** इस संबंध में सीएम भगवंत मान ने ट्वीट किया। मान ने लिखा- दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की झलकियां, दिल्ली में बहुमत के बावजूद मेयर बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाओ, डिप्टी मेयर बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाओ, पंजाब विधानसभा का बजट सेशन चलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ रहा है। लोकतंत्र की तलाश जारी है। पंजाब गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित ने सीएम पंजाब भगवंत मान द्वारा उन्हें लिखे गए।

# 'भारत धर्मनिरपेक्ष और सभी का देश है'

**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट ने देश के शहरों और कस्बों के प्राचीन नामों को बदलने के लिए 'रिनेमिंग कमीशन' बनाए जाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। साथ ही कोर्ट ने कहा, "देश के इतिहास को उसकी वर्तमान और भावी पीढ़ियों को परेशान नहीं करना चाहिए। हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है और हिंदू धर्म जीवन का एक तरीका है, जिसने सभी को आत्मसात कर लिया है।"

**याचिका पर उठाया सवालः** जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने वकील अश्विनी उपाध्याय के नाम बदलने वाले आयोग की।

## अतीक के बेटे के ड्राइवर को पुलिस ने ढेर किया; हमलावरों को गाड़ी से ले गया था

# उमेश हत्याकांड के एक आरोपी का एनकाउंटर

**प्रयागराजः प्रयागराज** पुलिस ने उमेश हत्याकांड में शामिल एक बदमाश का एनकाउंटर किया है। बदमाश का नाम अरबाज है। मुठभेड़ सोमवार दोपहर धूमनगंज में नेहरू पार्क के पास हुई। पुलिस के मुताबिक, वारदात के बाद से अरबाज नेहरू पार्क इलाके में छिपा था। नेहरू पार्क पर क्राइम ब्रांच की उससे मुठभेड़ हो गई। उसने पुलिस पर गोली चलाई, इससे एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। उसके सीने और पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल अरबाज को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई।




**हमला करने वालों में अरबाज था शामिलः** उमेश पाल पर हमला करने के बाद अरबाज का चेहरा सीसीटीवी फुटेज में आया था। पता चला था कि पुरामुफ्ती के सल्लाहपुर निवासी अरबाज नाम का शातिर अपराधी कार चला रहा था। उसने उमेश पर हमला भी किया था। अरबाज अतीक अहमद के बेटे असद का ड्राइवर था। हमलावरों की क्रेटा गाड़ी पुलिस ने बरामद की है। अरबाज को बाहुबली अतीक अहमद का बेहद खास माना जाता था। उसका पिता भी अतीक अहमद की गाड़ी चलाता था।

**अतीक की पत्नी और करीबी से पूछताछ जारीः** अतीक अहमद की पत्नी और बसपा नेता शाइस्ता परवीन, उनके बेटे एजम, अबान, अली, उमर और दोस्त रेहान से पुलिस पूछताछ कर रही है। जेलों में बंद अतीक के गुर्गों से भी यूपी रळऋ पूछताछ कर रही है। यही नहीं, अहमदाबाद जेल में बंद अतीक से मिलने वालों की भी डिटेल खंगाली जा रही है।

# अयोध्या : रामनगरी को अलौकिक रूप देने में जुटी योगी सरकार

**अयोध्या।** भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या का पुराना वैभव वापस लौट रहा है। 2024 अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन से पहले योगी आदित्यनाथ सरकार त्रेतायुगीन वैभवशाली रामनगरी को अलौकिक रूप देने के प्रयास में जुटी है। राम की पैड़ी के बाद योगी सरकार रामनगरी से चार किलोमीटर दूर दर्शन नगर में स्थित सूर्य कुंड का भी सौंदर्यीकरण कर रही है जिसका काम तकरीबन पूर्ण हो चुका है और मार्च तक इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। अयोध्या के आसपास जो पौराणिक स्थल हैं उनको विकसित किया जा रहा है। उसी में सबसे पहले सूर्य कुंड को विकसित किया जा रहा है और यह कार्य मार्च में पूरा कर लिया जाएगा। योगी सरकार की मंशा है कि अयोध्या में व्यापार बढ़ाने के लिए पर्यटकों को कम से कम अयोध्या में तीन दिन रोका जाए ताकि वह तीन दिन तक भ्रमण कर सके और खरीदारी भी कर सके। अयोध्या के प्राचीन मठ, मंदिर और कुंडों को भी देख सके। साथ हीउनके बारे में जान सके।

**राम के राज्याभिषेक पर अयोध्या आये थे सूर्य देवः** सूर्य कुंड पर राम राज्याभिषेक के समय सूर्य देव के धरती पर अवतरण की जो कहानी है ।

# प्याज के दाम में गिरावट से मंडी में किसानों ने नीलामी रोकी

**नई दिल्ली/नासिक।** एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी महाराष्ट्र के लासलगांव कृषि उत्पाद बाजार समिति (एपीएमसी) में प्याज की कीमत घटकर दो से चार रुपये प्रति किलोग्राम रह गई है। हालांकि, खुदरा बाजार में प्याज का भाव 20 प्रति किलो है। प्याज की कीमतों में लगातार गिरावट से नाराज किसानों ने प्याज की नीलामी रोक दी है।



सप्ताह के पहले दिन बाजार खुलने पर नीलामी की प्रक्रिया शुरू होते ही प्याज का न्यूनतम मूल्य 200 रुपये प्रति क्विंटल, अधिकतम भाव 800 रुपये प्रति क्विंटल और औसत भाव 400-450 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। प्याज के उत्पादन की लागत ज्यादा और कीमत घटकर दो से चार रुपये प्रति किलो हो जाने से किसानों ने नाराज होकर इसकी नीलामी रोक दी। महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक संगठन के नेतृत्व में नाराज किसानों ने प्याज की नीलामी बंदकर आंदोलन शुरू कर दिया है। जून्नर (पूणा) वेजिटेबल ग्रोअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीजीएआई) के अध्यक्ष श्रीराम गढ़वे ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में बताया कि प्याज (कांदा) की प्रति किलो कीमत घटकर दो से चार रुपये प्रति किलो रह गई है, जिससे किसान नाराज हैं। उन्होंने कहा कि प्रति एकड़ प्याज का उत्पादन 3 से 4 टन के करीब है, जबकि इसके उत्पादन की लागत 12 से 14 रुपये प्रति किलो बैठता है, लेकिन इसको बाजार में बेचने पर भाव 2 से 4 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रहा है। उधर, महाराष्ट्र राज्य कांदा उत्पादक संगठन ने सरकार से प्याज के लिए 1,500 रुपये प्रति क्विंटल के अनुदान की घोषणा करने और फिलहाल 3,4 और 5 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर बिकने वाले प्याज को 15 रुपये से 20 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर खरीदने की मांग की है।

# 'विज्ञापन के दावे प्रमुखता से दिखाये जाएं

**नई दिल्ली।** उपभोक्ताओं के हितों को देखते विज्ञापनों में दी गई सूचनाओं या दावों (खुलासा) को प्रमुखता से दिखाया जाना चाहिए, हैशटैग या लिंक के रूप में नहीं। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने सोमवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञापनों में दी गई सूचनाओं या दावों (खुलासा) को प्रमुखता से दिखाया जाना चाहिए, हैशटैग या लिंक के रूप में नहीं। वह मुंबई में भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) की ओर से आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया विज्ञापन को जिम्मेदारी से संचालित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना विनिमार्ताओं, सेवा प्रदाताओं, विज्ञापनदाताओं और विज्ञापन एजेंसियों की जिम्मेदारी है, ताकि उनके विज्ञापन से उपभोक्ता भ्रमित न हो। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक सिंह ने कहा कि देश में सोशल मीडिया उपयोगकर्ता 50 करोड़ से ज्यादा हैं। ऐसे में विज्ञापनों को जिम्मेदारी के साथ दशार्या जाना चाहिए।

# महाकुम्भ मेला: 38 परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को शीर्ष समिति की द्वितीय बैठक सर्किट हाउस में की। उन्होंने महाकुम्भ को अमृतकाल का पहला कुम्भ कहते हुए कम्युनिटी एंगेजमेंट प्रोग्राम के तहत अधिक से अधिक संख्या में जनपद निवासियों को जोड़ते हुए उनसे शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील किया। बैठक में 948 करोड़ रुपये की 50 प्रस्तावित परियोजनाओं में से लगभग 896 करोड़ रुपये की लागत की 38 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिनमें उप्र सेतु निगम लि0/लोनिवि की 1, प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 31 तथा बाढ़ कार्य खंड सिंचाई विभाग की 6 परियोजनाएं सम्मिलित हैं। इसके



अतिरिक्त मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से सम्बंधित 12 परियोजनाओं का पुनः परीक्षण पर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। शीर्ष समिति की प्रथम बैठक में स्वीकृत 51 परियोजनाओं में से प्रयागराज में प्रस्तावित रिंग रोड के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की 2 परियोजनाएं, जिसमें अंदावा-कनिहार मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित दो लेने उपरिगामी सेतु का निर्माण एवं यूनाइटेड कॉलेज के समीप इलाहाबाद-मुगलसराय रेल सेक्शन पर प्रस्तावित दो लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने ट्रैफिक प्लान हेतु कंसल्टेन्ट्स को हायर कर जिन सड़कों पर ट्रैफिक समस्याएं अधिक हो सकती हैं, इसका आकलन करते हुए कार्ययोजना तैयार करने के लिये कहा है। साथ ही सभी विभागों को निर्देशित किया कि समस्त कार्यों का शासनादेश 15 मार्च तक निर्गत कर दिया जाये, ताकि समयान्तर्गत बजट अवमुक्त किया जा सके। उन्होंने नगर आयुक्त को नगर निगम द्वारा बसवार में संचालित कंस्ट्रक्शन एण्ड डिमोलिशन वेस्ट प्लांट से बनाई जा रही टाइल्स का उपयोग इन सभी सड़कों के विकास में करने के लिये भी कहा।

# अग्निपथ स्कीम को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं खारिज

**नई दिल्लीः** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को अग्निपथ स्कीम को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना की बेहतरी और राष्ट्रहित में लिया गया फैसला है। इसलिए सरकार के फैसले में कोर्ट के दखल देने की कोई वजह नहीं दिखती। 15 दिसंबर 2022 को कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और केंद्र सरकार की दलीलें सुनने का बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। फैसला सुरक्षित रखते हुए कोर्ट ने यह भी कहा था कि अगर किसी को कोई आपत्ति है तो वो अपनी लिखित दलीलें दाखिल करें। चीफ जस्टिस



सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी, इसमें जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद भी शामिल थे।

**14 जून 2022 को पेश हुई थी अग्निवीर स्कीमः** अग्निपथ स्कीम को 14 जून, 2022 को पेश किया गया था। इस स्कीम के तहत आर्म्ड फोर्सेज में युवाओं का भर्ती किए जाने के नए नियम बताए गए थे। इन नियमों के मुताबिक, साढे 17 साल से लेकर 21 साल तक की उम्र के युवा ही इसमें अप्लाय कर पाएंगे ।

# बहादुरपुर ब्लॉक में 30 जोड़े हुए एक दूजे के

## दो का निकाह पढ़ाया गया

**अखंड भारत संदेश**





**हनुमानगंज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को बहादुरपुर विकासखंड में 30 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंध गए। इस अवसर पर दो मुस्लिम कन्याओं का निकाह पढ़ाया गया। परिजनों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि का आशीर्वाद लेकर सभी नव दंपति विदा हुए। बहादुरपुर विकासखंड में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लाक के अंतर्गत आने वाले गांव से आई 30 कन्याओं का विवाह हुआ जिसमे दो मुस्लिम जोड़े भी थे। परिवार के साथ विवाह के लिए पहुचे वर वधु का रीति रिवाज के साथ विवाह संपन्न हुआ। जिसके बाद मुख्यमंत्री विवाह योजना के तहत सभी जोड़ों को उपहार देकर विदा किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख अरुणेंद्र यादव डब्बू, जिलाध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे, खंड विकास अधिकारी मनोज सिंह, ग्राम प्रधान पति बाजहा राजेश सिंह, शकील आदि मौजूद रहे।

# सत्याग्रह, न्याय और निडरता के शक्ति पुंज हैं गांधी : प्रो. संतोष भदौरिया

## एसएस खन्ना महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एसएस खन्ना महिला महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र, दर्शनशात्र और अंग्रेजी विभाग की छात्राओं ने आज गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान के परिसर में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में लगभाग 70 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान संस्थान में गांधी जीवन और दर्शन पर आयोजित प्रदर्शनी का छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ अवलोकन किया। गांधी प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत हुई। संस्थान के निदेशक प्रो. संतोष भदौरिया और एस. एस.खन्ना महाविद्यालय से डॉ. हरीश सिंह ने वक्तव्य दिया। प्रश्नकाल भी हुआ, जिसमें छात्राओं के प्रश्नों का जवाब संस्थान के निदेशक प्रो. संतोष भदौरिया ने दिया। कार्यक्रम का संचालन एस एस खन्ना महाविद्यालय की डॉ. रिया मुखर्जी ने किया। संस्थान में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तोषी आनंद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रो. भदौरिया ने अपने वक्तव्य के शुरूआत में संस्थान का परिचय देते हुए संस्थान से जुड़े अनेक प्रसिद्ध लोगों की चर्चा की और संस्थान की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में स्मृतियों का विलोपन बड़ा संकट है। हिंदुस्तान के असली नायक विस्मृत हो रहे हैं। हम सबको ठीक-ठीक इतिहास की समझ होनी चाहिए। हमारे भीतर जो शोर भरता जा रहा है उसे रोकना होगा। गांधी मौन और उपवास की शक्ति को समझते थे। गांधी वैश्विक राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ थे। निडरता, सत्य और अहिंसा का प्रयोग उनके अचूक अस्त्र हैं। न्याय के पक्ष में निडरता से खड़े होना गांधी के नजदीक होना है। गांधी की पूजा नहीं,उनके विचार और दर्शन को महसूस करने और उस पर अमल करने की जरूरत है। राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक हिंसा को समझने की जरूरत है। गांधी के विरुद्ध खड़े किए जा रहे नरेटिव को खारिज करना होगा।तभी हम आज के संकटों से निजात पा सकते हैं।इस कार्यशाला के संयोजक डॉ. हरीश सिंह ने कहा कि गांधी की शिक्षा व्यवहारिक जीवन कीप्रयोग आधारित शिक्षा थी। उनके जनांदोलनों में सत्याग्रह की शक्ति थी। अनुशासित जीवन उनकी बड़ी शक्ति थी। औपचारिक शिक्षा में गांधी का जीवन और दर्शन बेहद कारगर सूत्र है।एसएस खन्ना महाविद्यालय से डॉ. श्रद्धा राय ने समापन वक्तव्य में कहा कि शक्ति का विकेंद्रण करने की प्रक्रिया जरूरी है। सामाजिक समानता के लिए इसे गांधी जरूरी समझते थे। ट्रस्टीशिप को ध्यान में रखना होगा। गांधी के विचार और दर्शन गहराई से समझे जाने की जरूरत है। एस एस खन्ना कॉलेज की छात्राओं ने गांधी गीतों की प्रस्तुति दी।इस अवसर पर एसएस खन्ना महाविद्यालय से डॉ. रुचि मालवीय, डॉ. नीता साहू, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. पार्थ दे और संस्थान के सहायक आचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार, अनुवाद अधिकारी हरिओम कुमार, पोस्ट डॉक्टोरल फेलो डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, करन सिंह परिहार, सत्यम रघुवंशी , शोधार्थी राहुल कुमार, सृष्टि, श्वेता तथा संस्थान के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेजा ब्लाक में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 24 वर वधू परिणय सूत्र में बंधे



**अखंड भारत संदेश**

**मेजरोड।** सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन ब्लाक मेजा परिसर में किया गया, जिसमें 24 वर-वधू ने धार्मिक रीति रिवाज से जयमाला डाल कर एक दूसरे के हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख मेजा गायत्री मिश्रा ने सभी वर को तिलक लगाकर बारात विदा कर रस्म अदायगी की।वर पक्ष के सभी लोग सीओ आफिस के सामने स्थित शिव मंदिर से वंदना कर डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए विवाह मंडप में पहुंचे। जहां प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र ने सभी दूल्हों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उसके बाद पंडित चिंतामणि शुक्ल और प्रकाशचंद्र शुक्ल ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ उपस्थित वर वधू का विवाह संपन्न कराया। विवाह संपन्न होने के बाद सभी जोड़ों को और उनके परिवारजनों को भोजन भी करवाया गया। उसके बाद वर अपनी वधु को लेकर अपने घर के लिए विदा हुए तो विदाई गीत बाबुल का यह घर बहना गाकर सबके आखों में आंसू लाने पर विवश कर दिया। कुछ कन्याओं ने विदाई के समय अपने मां बाप से अलग होते हुए रोते हुए दिखे।बीडीओ ने बताया कि शासन से वधू को मिलने वाला सामान किसी कारण वश नहीं पहुंच सका।2,3 दिन बाद सामान आने पर उन्हें सौंप दिया जाएगा। इस सामूहिक विवाह में जहां दो परिवारों ने आपस में संबंध बनाए।वहीं 24 नव युगल दंपत्ति नए जीवन में प्रवेश किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह बड़े ही धूमधाम से किया गया।विवाह के लिए कुल 27 जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया था,जिसमें उरुवा से 14 और मेजा 13 जोड़े थे, लेकिन उरुवा से एक और मेजा से दो जोड़ा किसी कारण वश कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच सके। विवाह समारोह खंड विकास अधिकारी मेजा सईद अहमद व खंड विकास अधिकारी उरुवा कुमार गौरव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।संचालन सचिव राजेश त्रिपाठी ने किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मेजा गायत्री मिश्रा,उनके प्रतिनिधि गंगाप्रसाद मिश्र,ब्लाक प्रमुख उरुवा आरती गौतम के प्रतिनिधि भोला गौतम सहित मेजा व उरुवा ब्लाक के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने नव युगल दंपतियों को आशीर्वाद दिया।अंत में कार्यक्रम संयोजक सहायक विकास अधिकारी(समाज कल्याण) सुशांतु पांडेय ने सभी अतिथियों व वर बधू के परिजनों का आभार व्यक्त करते हुए नव युगल दम्पतियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह गरीबों के लिए लाभकारी-केसरी देवी




**फूलपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब व असहाय की कन्यायो के लिए अत्यंत लाभकारी है। उक्त बाते सोमवार को फूलपुर ब्लाक परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में वर वधू को आशीर्वाद देते हुए फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा की केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगो का समुचित विकास कर रही है। अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख फूलपुर बिपेंद्र सिंह पटेल ने कहा की क्षेत्र में ऐसे गरीब परिवार रहते है जिनको अपने बेटियो की शादी करने का सामर्थ नही रहता इसका जिम्मा खुद प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने कंधो पर ले लिया है।इस योजना की तारीफ हर गरीब वर्ग कर रहा है। विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ट नेता काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा की गरीबों के हित के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए विभागीय अधिकारी कर्मचारी के साथ पार्टी के कार्यकर्ता निष्ठा और ईमानदारी से काम करे । भाजपा के वरिष्ट जिला उपाध्यक्ष बिरेंद्र बहादुर उर्फ वीडियो सिंह ने प्रदेश सरकार के कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। खंड विकास अधिकारी फूलपुर हनुमान प्रसाद वर्मा ने आए हुए अतिथियों को बुके भेंट कर स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा की इस समारोह में कुल 31 वर वधु का आवेदन आया था जिसकी विस्तृत जांच कराई गई मौके पर 28 जोड़ो की पूरे विधि विधान से शादी कराने के साथ ही उन्हें सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता और सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। मौके पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्याम बाबू गुप्ता,सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अखिलेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत गुलाब चंद्र पांडेय, भाजपा अभिनेत्री श्रद्धा सिंह, पंकज कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार मौर्य,अमित कुमार सिंह,राकेश कुमार पटेल सहित ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य व वर वधू के माता पिता मौजूद रहे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा : बैठ रहे दूसरे परीक्षार्थी, खुलेआम नकल की शिकायत

**लालापुर।** विकासखंड के कई विद्यालयों में इस समय यूपी बोर्ड की परीक्षा में लगभग 90% दूसरे विद्यार्थियों से बैठाकर कापी लिखाई जा रही है तथा आपस मे ही सेंटर की अदला बदली की गई है जिसकी शिकायत जिलाअधिकारी प्रयागराज से की गई है। बता दें कि शिकायतकर्ता एडवोकेट सुशील कुमार त्रिपाठी ने जिलाअधिकारी प्रयागराज को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि मां राजरानी इंटर कॉलेज बघला,लालापुर तथा मां शांति इंटर कॉलेज पगुवार, शंकरगढ़ के प्रबंधक एक ही व्यक्ति हैं तथा इन्हीं का एक तीसरा विद्यालय डा कैलाश नाथ इंटर कॉलेज नौढिया उपरहार, शंकरगढ़ है जिसके प्रबंधक इन्हीं के मामा को बनाया गया है। इन तीनों विद्यालयों का सेंटर आपस में अदला-बदली किया गया है ताकि धड़ल्ले से नकल हो सके। शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया कि इन परीक्षाओं में लगभग 90% विद्यार्थी दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे हैं। जानकारी दी गई कि सन 2010 में मां राजरानी इंटर कॉलेज तथा कैलाश नाथ इंका. को काली सूची में भी डाल दिया गया था लेकिन शिक्षा विभाग की मिलीभगत से इन्हीं विद्यालयों में लगातार सेंटर बनाया जा रहा है। नकल विहीन परीक्षा की पोल खोलते हुए शिकायतकर्ता ने जिला विद्यालय निरीक्षक से जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### कीमती सामान को लौटा कर पेश की इमानदारी की मिसाल



**झूंसी।** फूलपुर झूंसी मार्ग से गुजर रहे एक व्यक्ति ने लावारिस बैग में मिले कीमती सामान को लौटा कर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। फूलपुर का रहने वाला संदीप अपनी पत्नी व बच्चे के साथ झूंसी स्थित ससुराल आ रहा था रास्ते में उसकी बैग गिर गई थी जिसमें सोनी, चांदी के जेवरात थे। जो वहां से गुजर रहे रुद्रा कॉलोनी में रहने वाले डॉ नरेंद्र पाल को मिली तभी किसी ने पुलिस को सूचना दी कि की एक कार सवार लावारिस बैग लेकर भाग रहा है तभी डॉक्टर ने खुद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि उसे एक बैग मिली है जिसमें सोने चांदी के जेवरात है। बैग का मालिक संदीप भी बैग गायब होने की सूचना इफोको चौकी पर दी। 112 की वैन में तैनात एसआई अवधेश राय, सिपाही जीवन लाल, चालक राजेश दुबे के सहयोग से डॉक्टर नरेंद्र पाल ने मिला सारा सामान संदीप को लौटा दिया जिसमें सोने का बाला, चाँदी की छागल व अन्य जेवरात थे।

### कैंडल मार्च निकालकर उमेश पाल को दी गई श्रद्धांजलि



**सहसों।** प्रयागराज में उमेश पाल की हुई निर्मम हत्या के विरोध में रविवार की रात हिमांशु पाल के नेतृत्व में दर्जनों युवकों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताते हुए सभा कर श्रद्धांजलि दी। युवाओं ने कैंडल मार्च की शुरूआत अमरसापुर गांव से उमेश पाल के हत्यारों को फांसी की सजा की मांग करते हुए मलावां, कसेरूआ कला होते हुए सहसों चौराहे पर समाप्त हुई। इस दौरान सहसों चौराहे पर कैंडल मार्च कर रहे लोगों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें उमेश पाल को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि उमेश पाल के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वक्ताओं ने सरकार से उमेश पाल के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की। ताकि भविष्य में ये निडर अपराधी ऐसी घटना को अंजाम देने का दुस्साहस न कर सकें। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार पाल, बृजेश कुमार पाल, अमरेंद्र पाल, अजय पाल, राकेश पाल, विनोद कुमार, उमाशंकर आदि शामिल रहे।

### मन की बात कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता, आत्मविश्वास बढ़ाने की अपील



**मेजा रोड।** भारतीय जनता पार्टी संगठन के निदेर्शानुसार अपने बूथ पर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के 98 वे मन की बात को पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने अपने बूथ संख्या 317 टीसेन तुलापुर में ग्रामीणों के साथ बैठकर सुना। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी अपने मन की बात में व्यक्तियों , समूहों तथा संस्थाओं के छोटे छोटे रचनात्मक प्रयासों कि कहानियों एवम उपलब्धियों को बहुत रोचक तरीके से देशवासियों से साझा करते है, इसी कारण प्रधानमंत्री मोदी जी के" मन की बात " कार्यक्रम देश के पुरुषार्थ को जगाने तथा रचनात्मक कार्यों में लगे लाखो लोगो का आत्मविश्वास बढ़ाने का काम कर रहे है। आज के मन की बात से हम सब के लिए सीधा संदेश है कि हमे अपनी स्थानीय लोक परंपराओं को पुनर्जीवित करना है और स्वच्छता को अपने जीवन का एक और मिशन बनाकर रखना है।इस अवसर पर प्रधान टीसेन रविंद्र शुक्ल, हरी मोहन पांडेय, दया शंकर शुक्ल, राजपति शर्मा, संजय दुबे, श्री कृष्ण, राम कृष्ण , बिहारी मौर्य, राकेश शुक्ल, सहित कई लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया आशुतोष मेमोरियल स्कूल का वार्षिकोत्सव



**हनुमानगंज।** धनैचा मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल का वार्षिक उत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रो पीके घोष। गोविन्द वल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान के प्रो. केएन भट्ट, इलाहाबाद विश्व विद्यालय की प्रो. किरण सिंह, उच्च न्यायालय के अपर महाधिवक्ता, नीरज त्रिपाठी, कुटीर पीजी कॉलेज, जौनपुर के व्यवस्थापक डॉ अजयेंद्र कुमार दुबे एवं प्राचार्य रमेश मणि त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन कर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आरंभ किया। जिसके बाद बच्चो ने विद्यालय गीत गया फिर स्कूल के बच्चो ने एक से बढ़ कर एक रंगारंग, सांस्कृतिक, एवं देश भक्ति कार्यकर्मो की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। विद्यालय कोऑर्डिनेटर अदिति सिंह ने विद्यालय की प्रगति एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि के द्वारा शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक डॉ गिरीश कुमार पाण्डेय ने पधारे हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।

### डॉ आर के कुशवाहा को किया गया सम्मानित



**कोरांव।** सुकृत अस्पताल के संचालक डॉ आर के कुशवाहा जी के नाम एक से बढ़ कर एक रिकॉर्ड दर्ज हो रहे हैं। अभी आगरा में कर उ ढ (इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ कोलो प्रोक्टोलोजी) द्वारा डॉक्टर आरके कुशवाहा को फैलोशिप दिया गया। साथ ही साथ डॉ आर के कुशवाहा ने लेजर ट्रेनिंग में भाग लिया और आयोजक कर्उढ द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। इस खुशी में कोरांव में डॉ कुशवाहा को माला पहना कर सम्मनित किया गया। इस दौरान डॉ सोनी कुशवाहा, डॉ एच एन सिंह, डॉ बृजमंगल कुशवाहा, डॉ उमाशंकर, डॉ प्रेमचंद सिंह एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# मऊआइमा में मिष्ठान की दुकान पर पुलिस तैनात

## रविवार को सरेशाम बीच चौराहे पर मनबढ बदमाशों ने मिष्ठान दुकानदार पर चलायी थी गोली, पुलिस ने कतिपय संदिग्धों सहित एक नामजद को भी उठाया पूछताछ जारी

**अखंड भारत संदेश**




**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने रविवार को सरेशाम बीच चौराहे पर मिष्ठान कारोबारी पर गोलियां चलाई थी। परन्तु गोली मिस हो जाने पर परिजन बाल बाल बच गए थे। अलबत्ता एक बदमाश को पकड ? के असफल प्रयास में दुकानदार के भाई के सिर में तमंचे की बट से चोटें आयी थी ।अफरा तफरी में बदमाशों में से एक का लाइसेंसी रिवाल्वर छूट गया था। पुलिस ने तीन नामजद तीन अज्ञातों के खिलाफ हत्या की कोशिश एंव बलबा का मुकदमा दर्ज कर लिया था। रविवार को एक नामजद सहित कतिपय संदिग्धों से पुलिस गिरफ्तार कर ली है। मऊआइमा थाना पडाव नेशनल हाईवे चौराहे पर रविवार को सरेशाम तीन बाइकों से आए आधा दर्जन बदमाशों ने त्रिवेणी मिष्ठान भंडार के संचालक मुकेश कुमार जायसवाल उसके भाई दिलीप कुमार के उपर तीन गोलियां चलाई थी।सभी गोली मिस हो जाने से परिजन बच गए थे। इतने में मुकेश के चचेरे भाई लवकुश एक बदमाश से भिड गया था। तथा लवकुश पर तमंचे की बट से मार कर जख्मी कर दिए। आपा धापी और लोगों को आता देख कर एक बदमाश की लाइसेंसी रिवाल्वर गोली फंसी हुई गिर पडी। पुलिस ने बदमाशों का दिवैनी थाना देल्हूपुर प्रतापगढ़ तक पीछा किया परन्तु सभी भागने में सफल रहे।देर रात में मुकेश कुमार जायसवाल ने मऊआइमा थाने में सलमान पुत्र अज्ञात ग्राम पितईपुर, सुफियान पुत्र अज्ञात ग्राम बरसंडा ,फक्के उर्फ फखरे आलम पुत्र अज्ञात ग्राम जददोपुर सभी थाना मान्धाता प्रतापगढ़ को नामजद करते हुए तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कत्ल की कोशिश करने ,बलवा आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया।मऊआइमा पुलिस रात भर बदमाशों की तलाश में दबिश देती रही। सूत्रों द्वारा पता चला है कि पुलिस कतिपय संदिग्धों सहित एक नामजद फक्के उर्फ फखरे आलाम निवासी ग्राम जद्दोपुर मान्धाता प्रतापगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई आजाद की पुण्य तिथि





**सहसों।** देश के वीर सपूत महान क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद की पुण्य तिथि पर सोमवार को क्षेत्र के भरद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में विद्यालय के प्रबंधक विनय उपाध्याय सहित छात्र छात्राओं ने अमर शहीद आजादी के महा नायक अमर सपूत चंद्रशेखर आजाद के पुण्य तिथि पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ शत शत नमन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक ने कहा स्वर्गीय चंद्रशेखर आजाद ने देश को आजादी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज अमर शहीद सेनानियों के वजह से हम आजाद भारत में चैन की सांस ले रहे हैं। यह सब इन्हीं स्वतंत्रता संग्राम के वीर बलिदानी एवं स्वतंत्रता के महा नायकों की वजह से है। इनके योगदान को हर भारतवासी सदैव याद रखेगा। हम सब उनके इस योगदान के प्रति कृतज्ञ हैं और उनको शत शत नमन वंदन के सहित उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजय शर्मा, राजन कुमार, रानी चौरसिया, अखिलेश शर्मा, संयोगिता सिंह, विपुल शुक्ला, प्रांजल यादव, कुमारी अंशिका, कुमारी आयुषी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी तरह सहसों के गारापुर में नवयुवक ब्राह्मण समाज ने केंद्रीय कार्यालय पर संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष लवकेश मिश्र की अध्यक्षता में महान क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन के साथ उन्हें शत-शत नमन किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक पंडित कृष्ण देव द्विवेदी ने कहा कि आज हम सबको क्रांतिकारी बलिदानी वीर सपूत आजाद जी के बताएं एवं दिखाएं मार्गों पर चलने की जरूरत है। संगठन के उपाध्यक्ष सूर्यमणि पांडे ने कहा देशभक्त व वीर बलिदानी क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद का नाम भारतीय स्वतंत्रता के संग्राम के इतिहास में हमेशा हमेशा अहम स्थान था और रहेगा। इस मौके पर संगठन के प्रमुख रूप से पंडित विजय तिवारी, प्रमोद शुक्ला, पंडित अमन मिश्रा, पंडित विनोद शुक्ला, पंडित शिवनंदन तिवारी, विवेक शुक्ला, आशीष शुक्ला, गौरव तिवारी सहित आदि लोग उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन के साथ शत शत नमन किए।



## सत्कर्मों से मोक्ष की प्राप्ति होती है- स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज

**जंघई।** गोपालापुर में पूर्व प्रधान अभयराज मिश्र के निवास पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में भागवताचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने व्यासपीठ पर विराजमान होकर भागवत कथा का श्रवण कराया। भगवान श्रीकृष्ण के वात्सल्य व असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा की गई विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की सर्वोपरि लीला रासलीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसवध, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। महाराज ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता के कई उपदेशों के माध्यम से आचरण करने को कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। सोमवार को हवन एवं पूणार्हुति तथा महाप्रसाद का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य यजमान इंद्रावती देवी उदयराज मिश्र, सावित्री अभयराज मिश्र, शकुंतला खेमराज मिश्र, सीता देवी श्याम राज मिश्र, सुशीला देवी अवध राज मिश्र, शमला देवी प्रेमराज मिश्र, सविता धर्मराज मिश्र एवं कार्यक्रम संचालकों में अनुज महाराज, अभिषेक शुक्ला, गंगाधर पांडेय, कल्लू पंडित, कुल गुरू अखिलेश त्रिपाठी, कुल पुरोहित जगदंबा प्रसाद शुक्ल आदि रहे।

## ई रिक्शा से घायल महिला का उपचार के दौरान मौत मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** रिश्तेदार के यहां जा रही महिला को ई रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी थी।.उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला के पति ने ई रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मऊदोस्तुर गांव निवासी बसंत लाल सरोज का आरोप है कि उसकी पत्नी शांति देवी 20 फरवरी को जरूरी काम से जा रही थी। तभी ई रिक्शा चालक ने उसकी पत्नी शांति देवी 72 वर्ष को जोरदार टक्कर मार दी। जिसका उपचार चल रहा था। बीती रात वह अस्पताल में दम तोड़ दी। पोस्टमार्टम के बाद बसंत लाल ने ई रिक्शा चालक नन्द लाल निवासी ग्राम सराय खान देव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# शहादत दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन




**प्रतापपुर।** माँ भारती के वीर सपूत अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर सोमवार को पंडित रामप्यारे तिवारी जूनियर हाईस्कूल भोगवारा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्व विद्यालय के प्रोफेसर देवी प्रसाद दुबे व इंजीनियर घनश्याम पांडेय रहे और विशिष्ठ अतिथि के रूप में संजय बनकटा उपस्थित रहे।कवि सम्मेलन का शुभारंभ शहीद चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए कवि अजय प्रेमी के सरस्वती वंदना के साथ हुआ प्रख्यात हास्य कवि बिहारी लाल अंबर ने लोगो को खूब हंसाया कवि नीरज निमोर्ही ने अपने ओजपूर्ण देशभक्ति कविता पाठ से लोगो मे जोश भर दिया। वहीं कवि लालजी देहाती, शायरा हुमा अक्सीर, कवि संदीप शरारती, शायर शकील फूलपुरी ने भी उपस्थित श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रोफेसर शिवसागर मौर्य और संचालन पीके तिवारी ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व प्रधान श्रीकांत शुक्ला, संतोष सिंह, प्रधानपति मिठाईलाल यादव, राजेन्द्र यादव(भुल्लन), मनोज यादव, सीपी यादव, राहुल यादव, वरुण जायसवाल चन्द्रमणि यादव, हनुमंत लाल, हरिमोहन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ मेला 2025 : दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मुख्य सचिव ने की शीर्ष समिति के साथ द्वितीय बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**948 करोड़ की 50 प्रस्तावित परियोजनाओं में से लगभग 896 करोड की लागत की 38 परियोजनाओं को मिली स्वीकृति**



**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मुख्य सचिव, उ०प्र० श्री दुर्गाशंकर मिश्र की अध्यक्षता में शीर्ष समिति की द्वितीय बैठक सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई, जिसमें 948 करोड़ की 50 प्रस्तावित परियोजनाओं में से लगभग 896 करोड की लागत की 38 परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। इनमें उ०प्र० सेतु निगम लि0/ लो०नि०वि० की 1, प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 31 तथा बाढ़ कार्य खंड सिंचाई विभाग की 6 परियोजनाएं सम्मिलित हैं। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से संबंधित 12 परियोजनाओं का पुनः परीक्षण पर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

शीर्ष समिति की प्रथम बैठक में स्वीकृत 51 परियोजनाओं में से प्रयागराज में प्रस्तावित रिंग रोड के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की 2 परियोजनाएं जिसमें अंदावा- कनिहार मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित दो लेने उपरिगामी सेतु का निर्माण एवं यूनाइटेड कॉलेज के समीप इलाहाबाद-मुगलसराय रेल सेक्शन पर प्रस्तावित दो लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण को स्थगित कर दिया गया है।बैठक में मुख्य सचिव ने महाकुम्भ 2025 को अमृतकाल का पहला कुम्भ कहते हुए कम्युनिटी एंगेजमेंट प्रोग्राम के तहत अधिक से अधिक संख्या में जनपद निवासियों को जोडते हुए उनसे शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की है।जनपद में यातायात समस्याओं के निराकरण के दृष्टिगत उन्होंने ट्रैफिक प्लान हेतु कन्सलटेंस को हायर कर भविष्य में किन-किन सडकों पर ट्रैफिक समस्याएं अधिक हो सकती हैं इसका आकलन करते हुए कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा है। साथ ही सभी विभागों को निर्देशित किया कि समस्त कार्यों का शासनादेश 15 मार्च तक निर्गत कर दिया जाय ताकि समयान्तर्गत बजट अवमुक्त किया जा सके।सडकों के चौडीकरण एवं विकास पर चर्चा करते हुए मुख्य सचिव ने समय बचाने के दृष्टिगत रोड बनाते समय ही रोड साइड प्लानटेशन तथा खाली जगहों पर पार्किंग विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर आयुक्त को नगर निगम द्वारा बसवार में संचालित कान्ट्रक्शन एवं डेमोलेशन वेस्ट प्लांट से बनाई जा रही टाइल्स का उपयोग इन सभी सडकों के विकास में करने को भी कहा है।इसी क्रम में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शहर में स्वच्छता एवं यातायात समस्याओं के निराकरण हेतु इन्दौर सिटी से प्रेरणा लेते हुए महाकुम्भ 2025 से पूर्व प्रयागराज को और स्वच्छ बनाने का आश्वासन दिया । मेलाधिकारी, कुम्भमेला श्री विजय किरन आनन्द ने सभी परियोजनाओं के बारे में मुख्य सचिव को अवगत कराया। साथ ही सभी कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु संबंधित विभागों में अतिरिक्त अधिकारियों की शीघ्र तैनाती का अनुरोध किया। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित प्रमुख सचिव को आवश्यक निर्देश दिए तथा मेलाधिकारी को महाकुम्भ के कार्यों के कियान्वयन हेतु 02 वर्ष के लिए आवश्यकतानुसार एक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन करने को भी कहा जिससे कि मैनपावर की कभी न हो सके। जनपद में ट्रैफिक व्यवस्था के सुदृढीकरण के दृष्टिगत प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा 31 मार्गों का चौडीकरण कराया जा रहा है इसमें नैनी रेलवे स्टेशन से एफ०सी०आई० रोड होते हुए अरैल घाट तक, खरकौनी चौराहा (सेन्ट्रल जेल नैनी के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने) से अरैल रोड तक झुंसी क्षेत्र में लोटस अस्पताल से कटका रोड तक, संगम वाटिका पार्क (तेलियरगंज) से रसूलाबाद घाट तक झूसी स्थित जी०टी० रोड ( छतनाग रोड) से छतनाग घाट तक, ए०डी०ए० मोड नैनी से ए०डी०ए० कालोनी के प्रारम्भ तक, ए०डी०ए० कालोनी नैनी से अरैल घाट रोड, अमिताभ बच्चन पुलिया के पास गंगेश्वर महादेव मंदिर के दोनो ओर नदी तक, गोविन्दपुर सब्जी मण्डी तिराहा से कोटेश्वर महोदव मंदिर शिवकुटी तक, अन्नपूर्णा फेमिली मार्ट (नियर अमिताभ बच्चन पुलिया) से शुक्ला मार्केट तक आई०ई०आर०टी० पुलिया से गंगा नदी तट तक सभी मार्गों को 12 मीटर चौडा किया जाएगा। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय से महात्मा गांधी मार्ग तक, फाफामऊ पुल से गंगा नदी की ओर जाने वाले मार्ग (बेला कछार पार्किंग रोड) तक, पुराने यमुना पुल के नीचे की सडक को, छिवकी रेलवे स्टेशन गेट-2 से सी०ओ०डी० कासिंग मार्ग तक, ई०सी०सी० कालेज से नूरूल्ला रोड तक, आई०ई०आर०टी० कालेज से सदियाबाद सलोरी अमिताभ बच्चन पुलिया कैलाशपुरी एवं गोविन्दपुर सब्जी मण्डी होते हुए तेलियरगंज चौराहा तक सभी सडकों की चौड़ाई 18 मीटर किया जाएगा।नये यमुना पुल से डी०पी०एस० स्कूल तक अरैल बंधा रोड को, पुराने यमुना पुल से लेप्रोसी चौराहा तक, चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नं0-6 से संगम पेट्रोल पम्प कासिंग सोहबतियाबाग तक, लेप्रोसी चौराहा से नैनी रेलवे स्टेशन तक, नैनी रेलवे स्टेशन से प्रयागराज मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग तक, प्रयागराज मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए सी0ओ0डी0 कासिंग तक, झूसी स्थित कटका तिराहा से झुंसी बस स्टैण्ड तिराहा तक, झुंसी बस स्टैण्ड तिराहा से गंगा नदी तट तक सभी सडकों की चौडाई 24 मीटर किया जाएगा।इसी कम में अन्दावा चौराहा से सहसों चौराहा तक डिवाइडर पर ग्रीनरी विकसित एवं अनुश्रवण का कार्य करने, चन्द्रशेखर आजाद पार्क में पाण्ड एवं बोटिंग का विकास करने, एफ०सी०आई० रोड स्थित ओवर ब्रिज के दोनों ओर नैनी रेलवे स्टेशन के पहुंच मार्ग को 6.5 मीटर तक चौड़ा करने, फाफामऊ में एस०टी०पी० मार्ग से बेला कछार मार्ग में इण्टरलाकिंग से नवनिर्माण कार्य करने, शान्तिपुरम में सेक्टर-ए से बेला कछार तक सम्पर्क मार्ग को 7 मीटर चौड़ा करने तथा फाफामऊ में बसना नाले के किनारे से बेला कछार पार्किंग तक इण्टरलाकिंग मार्ग को 14 मीटर चौडा करने का कार्य भी किया जाएगा।बाढ़ कार्य खण्ड सिंचाई विभाग द्वारा भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें गंगा नदी के दांये किनारे पर रसूलाबाद घाट से गंगेश्वर महादेव मंदिर तक नागवासुकी सम्पर्क मार्ग से अमिताभ बच्चन पुलिया तक दारागंज तिराहा से शास्त्री ब्रिज के मध्य की लम्बाई में कटाव निरोधक कार्य सम्मिलित है। विभाग द्वारा गंगा नदी के बांये किनारे पर पूरे सूरदास से पी0डब्लू0डी0 स्टोर तक, ओल्ड जी०टी० रोड से गरीबदास आश्रम तक, तथा काली रैम से छतनाग तक कटाव निरोधक कार्य सहित इण्टरलाकिंग का कार्य भी कराया जाएगा।

## साई ब्रदर्स प्रयागराज के भजनों से गुलजार रही ताज महोत्सव आगरा की शाम




**अखंड भारत संदेश**

**आगरा।** आगरा के ताज महोत्सव के कला ग्राम मुक्ताकाशी मंच पर साईं ब्रदर्स प्रयागराज की प्रस्तुति, लोक गीतों भजनों के साथ पारंपरिक भारतीय धुन राग की ताज महोत्सव में प्रस्तुति हुई। आगरा में चल रही ताज महोत्सव में 7 वे दिन रविवार शाम 8:00 बजे साईं ब्रदर्स प्रयागराज के गीतों और भजनों से वहां उपस्थित सभी श्रोता गणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उच्च शिक्षा मंत्री के सोमवार को फीता काटने के बाद से ताज महोत्सव की शुरूआत हो गई। कार्यक्रम का प्रारंभ मां दुर्गा की स्तुति से की उसके बाद लोकगीत सुना कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी।

## घर से निकली किशोरी, हो गई लापता

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के मुंगारी गांव से बीते कुछ माह पूर्व एक 14 वर्षीय लड़की अपने घर से कुछ काम से बाहर निकली और वह दोबारा वापस लौट कर नहीं पहुंची। परिजनों ने तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया है।

जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के मुंगारी गांव के रहने वाले धर्मेंद्र साहू की भांजी दिव्या साहू बीते तेरह दिसंबर की तड़के सुबह लगभग पांच बजे वह अपने घर से बाहर निकली और लौटकर दोबारा घर पर नहीं पहुंची। परिजनों ने उसकी हर उस स्थान पर खोजबीन की, जहां पर उसके मिलने की उम्मीद थी, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लगा। तहरीर मिलने पर पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर लापता किशोरी की खोजबीन करने में जुटी हुई है।

## पीड़ित विधवा का पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के समक्ष क्रमिक आमरण अनशन शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** करछना थानांतर्गत ग्रामसभा सेमरी मजरा ताल का पुरवा निवासिनि चंदो देवी पत्नी स्व. रामअभिलाष सोमवार को विपक्षीगण के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के बाबत कार्यालय पुलिस उपयुक्त यमुनानगर के समक्ष क्रमिक आमरण अनशन पर बैठी। पांच बजे तक कोई कार्यवाही न होने पर चंदो देवी ने बताया जब तक विपक्षीगणों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं हो जाती तब तक कार्यालय पुलिस उपयुक्त यमुनानगर के समक्ष क्रमिक आमरण अनशन जारी रहेगा। बता दे कि चन्दो देवी पत्नी स्व. राम अभिलाष ग्रामसभा सेमरी ताल का पुरवा, थाना करछना की निवासिनि है। प्रार्थिनी ने दिनांक 13.10.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को विपक्षीगणों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के बावत शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें विपक्षीगण जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गाली देते हुए अश्लील हरकत किये तथा 5500/- रुपये लूट लिये के सम्बन्ध में था। जिसमें क्षेत्राधिकारी करछना दिनांक 14.11.2022 को जांच के लिए पीड़िता के घर आये तथा पीड़िता से मिलकर उससे जानकारी लिया तथा जल्द कार्यवाही का आश्वासन देकर चले गये। क्षेत्रधिकारी करछना के जाने के पश्चात पीड़िता खेत में स्थित अपनी कुरिया / मडई में जा ही रही थी तभी रास्ते में समय लगभग रात्रि 6:00 बजे पीड़िता से कस्तूरबा गांधी महिला समाख्यान स्कूल के सामने विपक्षीगण आये और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये पीड़िता के साथ अश्लीलता की पीड़िता को जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये भद्दी भद्दी गालियां देते हुये जान से गोली मार दूंगा तो




कम तमाम हो जाएगा तथा अन्य विपक्षी ने कहा कि उप जिलाधिकारी करछना ने जो कागज पर अंगूठा / हस्ताक्षर के लिए दिया है उसमें हस्ताक्षर करा लो बाद में इनको ठिकाना लगा दिया जायेगा विपक्षीगणों ने जबरजस्ती अंगूठा लगवा लिया और कहा कि अभी तो छोड़ दे रहे है बाद में पीड़िता को ठिकाना लगवायेंगे इस वाकया से पीड़िता काफी डरी व सहमी है। प्रार्थिनी को डर है कि कही उसकी हत्या न करवा दिया जाय। पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी करछना व थानाध्यक्ष करछना का विपक्षीगणो से सांठगांठ का आरोप भी लगाया है क्योंकि विपक्षीगण अभी तक अपने बचाव के लिये बीस भेंड़ और दस बकरी को बेच चुके है। पीड़िता हार मानकर विपक्षीगणो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के बावत कार्यालय पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के समक्ष आज भी धरने पर बैठेगी।

### न्यूज झरोखा

## करंट लगने से बिजली मिस्त्री की गई जान



**झूंसी।** अंदावा सरसों मार्ग पर एक निमार्णाधीन गेस्ट हाउस में बिजली की केबल ठीक करते वक्त बिजली मिस्त्री की करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर रोते बिलखते पहुचे परिजन गेस्टहाउस मालिक पर संगीन आरोप लगाते हुए सरकार से मुवाबजे की मांग की। पुलिस शव पीएम के लिए भेज मामले की जांच कर रही है।दुर्जनपुर गांव निवासी रामबाबू पासी बिजली मिस्त्री था। सोमवार की दोपहर वह गांव के ही एक निमार्णाधीन गेस्ट हाउस में बिजली ठीक करने गया था जहां उसकी मौत हो गई। रामबाबू की मौत की सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए मृतक रामबाबू की पत्नी उमा देवी ने पुलिस को बताया कि वहां पहुंची तो उसके पति की लाश एक कमरे में थी जिसमें बाहर से ताला लगा हुआ था वहां मौजूद रेस्ट हाउस मालिक व परिजनों ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की। मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज निमार्णाधीन गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। रामबाबू बेहद गरीब बताया जा रहा है उसको चार बेटी व तीन बेटे है। ग्रामीणों ने परिवार के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है।

## विनय विश्वकर्मा को मिला बीसीआर ग्लोबल आईकॉनिक अवार्ड



**प्रयागराज।** हिंदी दैनिक से जुड़े विनय विश्वकर्मा को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। विनय विश्वकर्मा को बीसीआर ग्लोबल आईकॉनिक अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। एक भव्य समारोह में उन्हें यह पुरस्कार राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने प्रदान किया। दिल्ली में आयोजित '11वां बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022' सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। अवार्ड समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने दिल्ली सहित देश की अनेकों विशिष्ट विभूतियों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर ग्लोबल '11वां बीसीआर आईकोनिक अवॉर्ड्स 2022' से सम्मानित किया। आयोजक वरिष्ठ संपादक एवं फिल्म अभिनेता, निमार्ता– निर्देशक अजय शास्त्री और मुख्य अतिथि सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने समारोह में प्रयागराज के छोटे से गांव के गोठी बेलसारा के रहने वाले लोकमित्र के पत्रकार विनय विश्वकर्मा को बॉलीवुड सिने रिपोर्टर समाचार पत्र द्वारा 11वीं पीसीआर ग्लोबल आईकॉनिक अवार्ड वाईडब्ल्यू सीए अवार्ड दिया गया।

## उमेश पाल हत्याकांड : पहले एनकाउंटर में मारा गया असद का ड्राइवर अरबाज

### गुड्डू मुस्लिम की खोज में एसटीएफ लगातार दे रही दबिश



**प्रयागराज।** पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में शामिल एक बदमाश का एनकाउंटर किया है। बदमाश का नाम अरबाज है। मुठभेड़ सोमवार दोपहर धूमनगंज में नेहरू पार्क के पास हुई। पुलिस के मुताबिक, वारदात के बाद से अरबाज नेहरू पार्क इलाके में छिपा था।उसने थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्या पर गोली चलाई। राजेश के हाथ गोली लगी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। अरबाज के सीने और पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल अरबाज को स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं, घायल थाना प्रभारी राजेश का इलाज चल रहा है।

**हत्याकांड में शामिल एलएलबी का छात्र गिरफ्तार :** वहीं, अरबाज के एनकाउंटर के कुछ ही घंटे बाद एसटीएफ ने इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मुस्लिम हॉस्टल से एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया। उसका नाम सदाकत खान है। वह एलएलबी का छात्र है। उसके कमरे से कई आपत्तिजनक चीजें मिली हैं। सदाकत खान ने हॉस्टल कमरे की सर्च के बाद एसटीएफ के कब्जे से भागने की कोशिश की। भागते वक्त वह डिवाइडर से टकराकर गिर गया। उसे चोट लगी है। इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मुस्लिम हॉस्टल में रह रहा था आरोपी :** पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मुस्लिम हॉस्टल में सदाकत के कमरे में ही उमेश पाल की हत्या की साजिश रची गई थी। आशंका है कि सदाकत खान अवैध रूप से इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मुस्लिम हॉस्टल में रह रहा था। हालांकि एफआईआर में सदाकत खान नामजद नहीं है। पुलिस अब सदाकत खान के आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

**हमला करने वालों में अरबाज था शामिल :** उमेश पाल पर हमला करने के बाद अरबाज का चेहरा सीसीटीवी फुटेज में आया था। पता चला था कि पुरामुफ्ती के सल्लाहपुर निवासी अरबाज नाम का शातिर अपराधी कार चला रहा था। उसने उमेश पर हमला भी किया था।अरबाज अतीक अहमद के बेटे असद का ड्राइवर था। हमलावरों की क्रेटा गाड़ी पुलिस ने बरामद की है। अरबाज को बाहुबली अतीक अहमद का बेहद खास माना जाता था। उसका पिता भी अतीक अहमद की गाड़ी चलाता था।

**माफिया की पत्नी और करीबियों से हो रही पूछताछ :** अतीक अहमद की पत्नी और बसपा नेता शाइस्ता परवीन, उनके बेटे एजम, अबान, अली, उमर और दोस्त रेहान से पुलिस पूछताछ कर रही है। जेलों में बंद अतीक के गुर्गों से भी यूपी एसटीएफ पूछताछ कर रही है। यही नहीं, अहमदाबाद जेल में बंद अतीक से मिलने वालों की भी डिटेल खंगाली जा रही है।इस काम में जेल अधीक्षक को भी लगाया गया है। पुलिस को इस बात की भी आशंका है कि शूटर नेपाल न भाग जाएं। यही कारण है कि नेपाल के सीमावर्ती जिलों को अलर्ट मोड में डाल दिया गया है।

## अतीक के बेटे ने पिस्टल से चलाई थीं कई गोलियां

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सीसीटीवी फुटेज में काले रंग के कपड़े पहने जो शख्स लगातार गोलियां चला रहा है, उसे ही अतीक का बेटा असद बताया जा रहा है। क्रेटा कार में बैठा असद तेजी से उतरता है औक उमेश पाल पर फायर झोंक देता है। उमेश गोली लगने के बाद भी घर के अंदर जाते हैं तो असद घर के अंदर उन्हें दौड़ाकर एक एक बाद एक कई गोलियां दाग देता है। असद की गोलियों की बौछार उमेश नहीं झेल पाते, वह घर में गिर पड़ते हैं। इसके बाद गुड्डू मुस्लिम और गुलाम भी उस पर गोलियां बरसा देते हैं। असद ने गोलियां नौ एमएस के पिस्टल से चलाई थीं।




## मुस्लिम हॉस्टल के कमरा नंबर 36 पर सदाकत खान का था कब्जा, विवि प्रशासन ने किया था सील

**प्रयागराज।** मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल के जिस कमरे में बैठकर उमेश पाल हत्याकांड की साजिश रची गई, उस कमरे पर सदाकत का दो साल से अवैध कब्जा था। कुछ माह पहले हॉस्टल में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई थी। तब जिन सात कमरों को सील किया गया था, उनमें सदाकत का कमरा भी शामिल था।हालांकि, कार्रवाई के कुछ दिनों बाद ही पांच कमरों के ताले तोड़ दिए गए थे, जिनमें कमरा नंबर 36, 65, 72, 98 38 और 101 शामिल था। ताला टूटने के बाद सदाकत का कमरा नंबर 36 पर फिर से अवैध कब्जा हो गया था। सदाकत ने दो साल पहले सीएमपी डिग्री कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद से हॉस्टल के कमरा नंबर 36 पर उसका अवैध कब्जा बना हुआ है।ताला टूटने के बाद हॉस्टल अधीक्षक ने जब इसका विरोध किया तो कमरा नंर 98 में अवैध कब्जा करके रह रहे अफजाल ने अधीक्षक को जान से मारने की धमकी दी थी। अधीक्षक ने ताला टूटने और धमकी देने की सूचना कर्नलगंज पुलिस को दी थी। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अफजाल को 24 घंटे के लिए हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया। अफजाल फिर से हॉस्टल में अवैध रूप से रहने लगा।

## कचहरी परिसर में असद के सरेंडर करने की उड़ती रही अफवाह, छावनी में तब्दील हुआ कचहरी



**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के पुत्र के सोमवार को आत्मसमर्पण करने की चर्चा जोरों पर रही। इसके चलते कचहरी पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। हालांकि दोपहर बाद तक उसका कहीं पता नहीं रहा। सोमवार को करीब 10 बजे कोर्ट खुलते ही कचहरी में एकाएक चर्चा उड़ी की राजू पाल हत्या कांड के आरोपी और अतीक अहमद के पुत्र ने आत्मसमर्पण कर दिया। इसको लेकर भारी भीड़ जमा हो गई। काफी देर बाद पता चला कि अभी सरेंडर नहीं किया जा सका है। वकीलों का कहना है कि कुछ देर में हो सकता है, लेकिन दोपहर साढ़े बारह बजे तक सरेंडर नहीं किया जा सका था। अतीक के घर के अलावा पूरे मुहल्ले और कचहरी जाने के सभी रास्तों पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जगबंधनपुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जगबंधनपुर में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति एवं मजदूरी भुगतान हेतु दिनांक 28.02. 2023 से 09.03.2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को कार्यालय दिवस में विक्रय किए जाएंगे। निविदा दिनांक 11.03.2023 को ग्राम पंचायत के द्वारा गठित समिति व निविदा दाताओं की उपस्थित में दोपहर 3 बजे खोली जायेगी । निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। ग्राम पंचायत/गठित समिति को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताए किसी एक या सभी निविदा दाताओं की निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत कर सकता है। निविदा फार्म के साथ 2% अर्नेस्ट मनी जमा करना होगा शेष 8% अनुबंध से पूर्व देय होगा। कार्य का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | राम प्रकाश के घर से रामबाबू के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य |
| 2. | पंचायत भवन मरम्मत कार्य |
| 3. | अमृत सरोवर निर्माण कार्य |
| 4. | रमेश के घर से रामराज के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य |

सुमन देवी (ग्राम प्रधान) ग्रा. पं. जगबंधनपुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज

अश्वनी कुमार ग्रा.वि.अ. ग्रा. पं. जगबंधनपुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज।

पत्रांक : मेमो/ग्राम पंचायत/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त टेण्डर/2022-23 दिनांक 27.02.2023

## कार्यालय ग्राम पंचायत बभन कुईयां वि. ख. सहसों, प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बभन कुईयां में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति एवं मजदूरी भुगतान हेतु दिनांक 28.02. 2023 से 09.03.2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को कार्यालय दिवस में विक्रय किए जाएंगे। निविदा दिनांक 11.03.2023 को ग्राम पंचायत के द्वारा गठित समिति व निविदा दाताओं की उपस्थित में दोपहर 11 बजे खोली जायेगी । निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। ग्राम पंचायत/गठित समिति को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताए किसी एक या सभी निविदा दाताओं की निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत कर सकता है। निविदा फार्म के साथ 2% अर्नेस्ट मनी जमा करना होगा शेष 8% अनुबंध से पूर्व देय होगा। कार्य का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | अमृत सरोवर का कार्य |
| 2. | अशोक के घर से पक्की सड़क तक अण्डर ग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य |
| 3. | कायाकल्प कार्य |
| 4. | राम नारायण के घर से मंदिर तक खडंजा मरम्मत कार्य |
| 5. | शकील के घर से तालाब तक अण्डर ग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य |
| 6. | राकेश के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य |
| 7. | अवधेश के घर से तालाब तक अण्डर ग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य |

अशोक कुमार (ग्राम प्रधान) ग्रा. पं. बभन कुईयां वि. ख. सहसों, प्रयागराज

अश्वनी कुमार ग्रा.वि.अ. ग्रा. पं. बभन कुईयां वि. ख. सहसों, प्रयागराज।

पत्रांक : मेमो/ग्राम पंचायत/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त टेण्डर/2022-23 दिनांक 27.02.2023

# सीबीएसई की हाईस्कूल अंग्रेजी परीक्षा सकुशल सम्पन्न

## आरोपी के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भटपुरवा मधुकरपुर निवासी रामदास वर्मा के पुत्र विन्देश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते पचीस फरवरी को रात नौ बजे गांव के कामता प्रसाद के पुत्र रामचंद्र वर्मा ने नशे की हालत मे उसे मारापीटा।

विरोध करने पर आरोपी ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार की रात आरोपी के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## 6 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड का हाई स्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा जनपद के सभी छह केन्द्रों पर समय से आरम्भ हुई। न्यू एन्जिल्स में केन्द्र व्यवस्थापक बी के सोनी की देखरेख में परीक्षा कार्य सम्पन्न हुआ। न्यू एन्जिल्स सी.से.स्कूल में कक्षा के कुल 577 छात्र छात्राएं, जनपद प्रतापगढ़ के ए.टी.एल स्कूल, आत्रेय अकादमी और सेंट जेवियर पट्टीं, सेंट जेवियर्स चिलबिला, एस एन एस.एस एन से परीक्षा देने के लिये प्रातः नौ बजे से ही विद्यालय गेट पर जमा होने लगे।

दस बजे विद्यालय गेट खुल गया और पुरुष एवं महिला कक्षनिरीक्षकों ने सभी का ऐडमिट कार्ड और स्कूल आई-कार्ड चेक करके सीटिंग प्लान के अनुसार उनका विद्यालय में प्रवेश लिया। सी बी एस ई बोर्ड के द्वारा अमीर मेमोरियल स्कूल, कुन्डा की



न्यू एंजिल्स स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

प्रधानाचार्या प्रमिला त्रिपाठी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। कुल 577 छात्र छात्राएं उपस्थित और 6 अनुपस्थित रहे। अनुशासनिक व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रही। परीक्षा सुचारु रूप से सम्पन्न हुई 1.15 पर वार्निंग बेल और 1.30 बजे परीक्षा समाप्ति की बेल के साथ ही सभी छात्र छात्राएं हँसते मुस्कुराते हुए एक दूसरे से पेपर के बारे में बातें करते हुए परिसर से बाहर चले गये डॉ शाहिदा चेयरपर्सन न्यू ऐन्जिल्स सी.से.स्कूल ने बताया कि प्रथम दिवस की परीक्षा शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई।

## हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा में पकड़ी गई एक नकलची छात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा-2023 की प्रथम पाली में आज सोमवार को हाईसकूल विज्ञान की परीक्षा सम्पन्न हुई। इस दौरान एक परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा गया। शेष शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न हुई। बता दें कि कुल नामांकित विद्यार्थियों की संख्या 61949 थी जिसमें नामांकित छात्रों की संख्या 32769 व नामांकित छात्राओं की संख्या 29180 रही। कुल उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या 55780 रही। कुल अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या 6169 रही। परीक्षा 218 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित हुई। प्रथम पाली की हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा में राम स्वरूप भारती इंटरमीडिएट कालेज सुन्दरगंज प्रतापगढ़ में छात्रा कोमल देवी नकलपर्ची के साथ पकडी गई।

# सेना ने रामलीला मैदान में की तोड़फोड़

### एक सप्ताह का मौका देकर लौट गया सेना का दल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रामलीला मैदान में बनी मलिन बस्ती में आज सेना के अधिकारी व जवानों ने पहुंचकर तोड़फोड़ शुरू की तो लोगों ने मैदान खाली करने के लिये हफ्ते भर का समय मांगा जिस पर सेना के अधिकारी मान गये और एक सप्ताह बाद फिर आने की चेतावनी देते हुए प्रयागराज लौट गये।

सोमवार को पूर्वान्ह लगभग पौने दस सेना की चार गाड़ियां व एक जिप्सी पर आए सेना के अधिकारी व जवानों ने रामलीला मैदान में पहुंचे। इस बार रामलीला मैदान में मलिन बस्ती उनके निषाने पर थी। सेना के पहुंचते ही हड़कंप मच गया।

लोग भागने लगे। इसी बीच सेना ने पक्के आवास को तोड़ना शुरू किया तो लोग आग्रह करने लगे कि साहब कुछ मौका दे दें, जिस पर सेना के अधिकारियों ने तोड़फोड़ की कार्यवाही रोक दी और एक सप्ताह में खाली करने का समय देते हुए पुनः प्रयागराज लौट गये। बता दें कि इसके पहले भी सेना कई बार यहां आकर रामलीला मैदान के अतिक्रमण को हटाया और जलाया था।



रामलीला मैदान के मलिन बस्ती में तोड़ा गया चबूतरा।

## चुनाव समिति का हुआ गठन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर सोमवार को पूर्व अध्यक्षों को चुनाव समिति का सदस्य नामित किया गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने अठारह सदस्यीय पूर्व अध्यक्षों के नामों की चुनाव समिति के सदस्य के रूप में सूची जारी की। मंगलवार को चुनाव समिति की बैठक में कार्यक्रमों पर विचार किया जाएगा।

# जांच में सहयोग करें मनीष सिसोदिया: विनोद सोनकर

### हो-हल्ला करने से जांच में नहीं पड़ोग कोई फर्क

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कौशौम्बी सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री विनोद सोनकर ने सोमवार को यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी सीबीआई ने सबूतों व तथ्यों के आधार पर की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल सहित आप के नेतागण अनर्गल आरोप भाजपा पर लगा रहे हैं। जबकि उन्हें अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिये।

जांच एजेंसियां स्वतंत्र रुप से कार्य कर रही हैं। यदि उन पर भरोसा नहीं है तो न्यायालय पर भरोसा करें और जांच में सहयोग करें। केवल हो-हल्ला कर जांच को आप के नेता प्रभावित नहीं कर पाएंगे। एक प्रष्न के उत्तर में सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पर पहली बार लगाम लगी है और दुस्साहस करने वाले अपराधियों को सरकार छोडेगी नहीं। प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।

उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से प्रदेष तथा उनके निर्वाचन क्षेत्र में भी बडे-बडे.विकास कार्य हुए हैं। अपने क्षेत्र के निमार्णाधीन पुलों व सड़कों के विस्तार की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान केन्द्रीय बजट में गरीबों, व्यवसायियों, मध्यम वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा। केन्द्र सरकार ने इनकम टैक्स का स्लैब बढ़ाकर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। पत्रकारवार्ता में भाजपा नेता षिवप्रकाष मिश्र सेनानी व भाजपा मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय भी मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता में बोलते सांसद विनोद सोनकर।

## आई कैंप दो मार्च को

**प्रतापगढ़।** दो मार्च को डाक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के संयुक्त तत्वावधान में फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें आंखों की जांच होगी। मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर उनका आपरेशन राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में होगा। कैंप में दवा का वितरण होगा। यह जानकारी सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने दी है।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में जूबाए ने किया प्रदर्शन, आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार पुरातन एसोसिएशन प्रतापगढ़ कार्यालय पर अधिवक्ताओं की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता इंदुभाल मिश्र व संचालन संतोष नारायण मिश्र ने किया। बैठक में प्रयागराज के अधिवक्ता उमेश पाल की दिनदहाड़े भरे रोड पर निर्मम हत्या और प्रतापगढ़ के अधिवक्ता संदीप कुमार, सुनील कुमार एवम विशाल कुमार पर जानलेवा हमला व लूट के आरोपियों की थाना दिलीपपुर पुलिस द्वारा अभी तक गिरफ्तारी न होने और प्रशासन की लचर व्यवस्था से क्षुब्ध व आक्रोशित अधिवक्ताओं ने भत्र्सना करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए जनपद के अधिवक्ता सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज जनपद के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

बैठक में वकील परिषद, जिला बार अध्यक्ष मंत्री सहित जूनियर बार उपाध्यक्ष शिव प्रकाश मिश्र, विवेक शुक्ल, राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र सैनी, संतोष पाण्डेय, सर्वेश शुक्ल, बागिश मिश्र, अजय त्रिपाठी, योगेश शुक्ल, संजय मिश्र, राम गोपाल तिवारी, नीरज ओझा, हरीश शुक्ल, ममता पांडे, मयंक शेखर मिश्र, ऋषिकांत शुक्ल, अजीत ओझा, महेश यादव आशिफ सिद्दीकी एवं तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे। न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव जनपद न्यायाधीश, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को दिया गया। उधर ऑल इंडिया रुरल बार एसोसिएशन एवं अन्य अधिवक्ताओं के द्वारा जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल संबंधित एक ज्ञापन दिया गया जिसमें अधिवक्ताओं द्वारा जोरदार आक्रोश व्यक्त किया गया कि अधिवक्ता उमेश पाल की प्रयागराज जिला कचहरी से अपने घर जाते समय अपराधियों द्वारा जो नृशंस हत्या की गई उसका प्रतापगढ़ के अधिवक्ताओं द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया तथा ऐसी घटना की निंदा की गई तथा अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा एवं संचालन जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा द्वारा किया गया। मुख्य रुप से रूलर बार के पदाधिकारीगण मनीष सिंह एडवोकेट, दिव्यंत सिंह, दिवाकर सिंह राहुल गुप्ता विकास सिंह आसिफ सिद्दीकी, जितेंद्र सिंह, भोले शिव नायक सिंह, अमजद खान, सचिंद्र सिंह, अरुण सिंह, राजू सद्दाम खान, प्रशांत सिंह बंटी, आशीष श्रीवास्तव, शक्ति सिंह, राहुल उमरवैस शिवम सिंह मनोज कुमार अरुण पासवान कौशलेंद्र सिंह रतन एवं उत्तम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



अधिवक्ता की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते अधिवक्तागण।

## अधिवक्ता हत्याकांड पर वकीलों ने जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रयागराज मे साथी अधिवक्ता उमेश पाल की हुई हत्या को लेकर सोमवार को यहां वकीलो ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं अधिवक्ता हत्याकांड के विरोध में तहसील व दीवानी में न्यायिक कामकाज का बहिष्कार भी करते दिखे। वकीलों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। कैम्पस में नारेबाजी कर वकीलो ने तहसील गेट पर भी घंटो हत्याकांड के विरोध मे प्रदर्शन किया। इसके बाद वकीलों ने राज्यपाल को संबोधित एसडीएम उदयभान सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे अधिवक्ता उमेश के हत्यारो की गिरफ्तारी के साथ उन पर रासुका लगाए जाने व निराश्रित परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा दिए जाने की भी मांग सरकार से उठाई गई है। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सरकार से अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट विधानमण्डल के इसी सत्र में सरकार से लाये जाने की मांग की। संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष बीके तिवारी, राममोहन सिंह, टीपी यादव, शिवाकांत उपाध्याय, बृजेन्द्र पाण्डेय, विपिन शुक्ल, विनय शुक्ल, संतोष पाण्डेय, धीरेन्द्र शुक्ल, मस्तराम पाल, राजीव तिवारी, सुरेंद्र सिंह, लाल विनोद प्रताप सिंह, भास्कर शुक्ल, घनश्याम मिश्र, हरिश्चंद्र पाण्डेय, अबरार अहमद, अखिलेश द्विवेदी, शिव नारायण शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

# सनातन धर्म की संरक्षा के लिए गीता तथा श्रीरामचरितमानस जैसे ग्रन्थ मार्गदर्शकः पं. विष्णुपति

### महेवा मलकिया में गोवर्धन पूजा उत्सव मे धर्म की संरक्षा पर दिया गया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महेशगंज के समीप महेवा मलकिया में रविवार की देर शाम गोवर्धन पूजन उत्सव में बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं का समागम दिखा। वही श्रीरामचरितमानस के अखण्ड पाठ में वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य हवन पूजन के बाद हुए द्वारिकाधीश भगवान के भण्डारे मे भी देर रात तक लोगों को प्रसाद चखते देखा गया।

कार्यक्रम में काशी से आये संस्कृत विद्वान पं. विष्णुपति त्रिपाठी जी ने कहा कि गोवर्धन के पवित्र पर्वत की पूजा का उददेश्य समाज को धर्मपथ पर अग्रसर बनाए रखते हुए अहंकार से मुक्त रखना है। उन्होनें कहा कि भगवान् श्रीकृष्ण ने गोमाता की संरक्षा में गोवर्धन के पूजन का विधान मानव जीवन को सुख व शांति से समृद्ध बनाए रखने के शाश्वत संदेश मे निहित किया है। आचार्य विष्णुपति त्रिपाठी जी महराज ने कहा कि सत्य सनातन संस्कृति की संरक्षा और सुरक्षा के लिए गीता तथा श्रीरामचरितमानस जैसे ग्रन्थ लोकजीवन को समृद्धिशाली बनाए रखने की शक्ति रखा करते हैं। उन्होनें कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण हो या श्रीरामचरितमानस इन आध्यात्मिक महाग्रन्थों से सदैव धर्म रक्षार्थ सामाजिक सदभाव तथा दया एवं करूणा तथा समता के मार्ग पर अडिग रहने की भी हमें ऊर्जा मिला करती है। पं. तिलकराज मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय चरित्र की मजबूती के लिए सनातन धर्म का शंखनाद सदैव लोकमंगल की साधना को फलीभूत किया करता है। श्रद्धालु भगवान की मनमोहक झांकी का भी दर्शन पूजन करने की उत्सुकता मे दिखे। आयोजन में विद्योतमा, पूजा, कुसुम, प्रो. संध्या पाण्डेय, सुषमा, किरन, गीता, श्रुति, आदि के भजन की भी प्रस्तुतियों मे आध्यात्मिक आस्था उमंग में दिखी। कार्यक्रम के संयोजक प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष पं. जनार्दन प्रसाद त्रिपाठी एवं समाजसेविका शकुन्तला त्रिपाठी ने संस्कृत विद्वानों का श्रीअभिषेक किया। सह संयोजक आलोक त्रिपाठी एवं अधिवक्ता अरविंद त्रिपाठी पंकज व अधिवक्ता आनंद त्रिपाठी ने आध्यात्मिक उत्सव के प्रबंधन को लेकर सराहनीय भूमिका मे दिखे। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, पूर्व प्रमुख पंकज सिंह, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रो. राकेश प्रकाश पाण्डेय, ने भी विद्वानों का स्वागत किया। इस मौके पर लालगंज चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, कुण्डा बार एसोशिएसन के अध्यक्ष प्रेमचंद्र शुक्ल, विजय तिवारी, संजय पाण्डेय, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश, आनंद प्रकाश शुक्ला, धीरज शुक्ला, आदित्य त्रिपाठी, डा. ललित दुबे, डा. वीरेन्द्र मिश्र, महेश शुक्ला, सोमनाथ मिश्र, राहुल सिंह आदि रहे।

## महिला को दरवाजे पर दबंगों ने दी गाली

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के रेवली गाव निवासी ज्ञानवती निर्मल ने सोमवार को नवाबगंज थाना प्रभारी को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि मेरे गाँव के राजनैतिक दल के कार्यकर्ता ने मेरे घर पर रात को 8 बजे बिना कुछ कारण बताए भद्दी भद्दी गालियां दे रहा था जिसकी आवाज सुनकर मैं बाहर आया और गाली देने का कारण पूछा तो मुझे धक्का देकर गिरा दिया। मुझे बचाने के लिए मेरी पड़ोसी शुकुन्तला पत्नी छेदी लाल सरोज दौड़ी तो उसको भी गाली देते हुए धक्का देकर गिरा दिया और धमकी दिया।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में मेधावी का हुआ चयन, सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धारूपुर स्थित किडस वैली पब्लिक स्कूल में सोमवार को सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा मे मेधावी के चयन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के कक्षा पांच के छात्र आदित्य वर्मा का चयन सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा मे हुआ है।

मेधावी के चयन की जानकारी होने पर विद्यालय तथा छात्र के गांव कटरा मे लोगों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय मे प्रबंधक आशीष कुमार पाण्डेय ने मेधावी का माल्यार्पण तथा मुंह मीठा कराकर सम्मान किया। इस मौके पर परमात्मा सिंह, अनुज श्रीवास्तव, प्रशांत मिश्र, सौम्या शुक्ला, अनुपम, रोहित, उमाकांत तिवारी, प्रीतम सरोज, नेहा मिश्रा, सुनील, शशांक आदि रहे।



विद्यालय मे मेधावी का सम्मान करते प्रबंधक।

# अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना मे युवक की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सारीपुर निवासी ललित सरोज की पत्नी विमला देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सत्ताईस जनवरी को रात नौ बजे बहादुरपुर बाबूपुर गांव मे अज्ञात वाहन ने उसके पति ललित को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे पीडिता के पति की मौके पर ही मौत हो गयी। पीडिता ने सोमवार को घटना को लेकर पुलिस को तहरीर सौपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

# झुलसी किशोरी की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

### आपत्तिजनक फोटो व वीडियो वायरल होने पर उठाया था आत्मघाती कदम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आपत्तिजनक फोटो व वीडियो वायरल होने पर पेट्रोल छिडककर आत्महत्या के प्रयास मे गंभीर रूप से झुलसी किशोरी की इलाज के दौरान रविवार की देर रात प्रयागराज मेडिकल कालेज मे मौत हो गयी। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया।

संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के डगरा पीथनपुर निवासी मो. सोनू की पुत्री शिवानी बानो ने इंटरनेट पर आरोपियो द्वारा एक आपत्तिजनक वीडियो व फोटो वायरल होने पर छत पर पेट्रोल छिडककर आग लगा ली थी। शिवानी का पिता, मां व भाई बहनों के साथ पड़ोसियों के विवाद के चलते लगभग दो माह से लालगंज कोतवाली के जेवई बाजार मे किराये के मकान पर रह रही थी। वायरल वीडियो मृतका के भाई ने भी देख लिया। इस पर भाई की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने आत्महत्या के लिए आग लगा ली। पुलिस की सुरक्षा मे गंभीर रूप से झुलसी किशोरी को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया। इधर घटना को लेकर मृतका की मां फूलजहां की तहरीर पर पीथनपुर गांव के आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ आईटी एक्ट समेत लालगंज पुलिस ने घटना के बाद केस दर्ज किया है। इनमे से पुलिस ने चार आरोपियो को हिरासत मे लेकर जेल भी भेज दिया। किशोरी की मौत होने से यहां पुलिस मे भी हडकंप का माहौल दिखा। सूत्रों के मुताबिक किशोरी के शव का मेडिकल कालेज मे पीएम कराया गया। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि घटना मे शेष दो आरोपियो की तलाश की जा रही है, दर्ज मुकदमे मे धाराओं मे किशोरी की मौत को लेकर पुलिस विवेचना के तहत धाराओं को बढ़ाया जाएगा।

## अवैध देसी बम के साथ युवक गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी पुलिस ने सोमवार को एक युवक को 4 देशी बम के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना पट्टी के उ0नि0 गुलाब सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र पट्टी के नादी गेट के पास से एक व्यक्ति अमित पाण्डेय उर्फ बबलू पाण्डेय पुत्र परशुराम पाण्डेय नि0ग्राम महदहा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को 04 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना पट्टी में मु0अ0सं0 70/2023 धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# प्राकृतिक रंग-गुलाल से नये अवसर सृजन कर रही महिलाएं

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** होली का त्यौहार रंगों का त्यौहार में लोग एक दूसरे से गले मिलते हैं और रंगों व गुलाल का प्रयोग बहुत करते हैं जो केमिकलयुक्त होने से स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू अवधेश पुरम की गृह वैज्ञानिक स्वाती दीपक दुबे द्वारा एक नई शुरूआत की गई इस बार चिप्स और पापड़ बनाने के साथ-साथ प्राकृतिक तरीके से रंगो का त्यौहार भी मनाए जाने के संदेश के साथ नवयुवक युवतियों को पालक, चुकंदर, हल्दी के रंगों से गुलाल बनाने का प्रशिक्षण दिया यह एक अच्छा संकेत है कि दुनिया में हो रहे कार्यों का असर हमारे जिले के भाई बहनों पर भी पड़ रहा है ऐठू ग्राम के धर्मराज मौर्य ने अपने घर की महिलाओं की सहायता से गुलाल को बनाया और उसको अपनी ही दुकान पर बेचने का भी साधन उपलब्ध कराया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने महिलाओं व बेरोजगार नवयुवको को प्रेरित किया कि कृषि विज्ञान केन्द्र से रोजगार परक व्यवसाय का प्रशिक्षण प्राप्त कर समूह के माध्यम से व्यवसाय करे एवं आत्मनिर्भर बनने की बात कही।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### कौशांबी में भी है अतीक अहमद के गहरे संबंध

**कौशांबी।** जिले के कई नेताओं और अपराधियों के साथ अतीक अहमद और उनके लोगों के गहरे संबंध थे अपने खास लोगों के घरों तक कौशांबी में अतीक अहमद का आना जाना भी होता था अतीक अहमद के जेल जाने के बाद यह आना जाना बंद हो गया पूर्व के दिनों में मोबाइल फोन से आए दिन बात भी होती थी कौशांबी के विभिन्न कस्बो के रहने वाले अतीक अहमद के साथी अपने को अतीक अहमद से कम नहीं समझते थे मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में भी अतीक के लोगो से गहरे रिश्ते थे पूर्व में कौशांबी जिले में पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में भी अतीक अहमद के गहरे संबंध थे सल्लाहपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में अतीक के भाई अशरफ की ससुराल भी बताई जाती है अतीक के साथियों से लोग काँपते थे समाजवादी सरकार में इनका जलजला बरकरार था अतीक अहमद के नाम पर इनका बड़ा साम्राज्य कायम रहता था अतीक अहमद और उनके पुत्र से इनके क्या संबंध थे उमेश पाल हत्याकांड के बाद यह बड़ी जांच का विषय बन गया है हालांकि पुलिस की नजर अतीक के बेहद करीबियों पर है।

# जैविक खेती से उत्पादित अन्न का सेवन लाभदायक : सीडीओ

## प्राकृतिक खेती आधारित एक दिवसीय जागरूकता संगोष्ठी कार्यक्रम में उमड़ी किसानों की भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा डायट मैदान में आयोजित प्राकृतिक खेती आधारित एक दिवसीय जागरूकता संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती वह खेती है, जिसमे फसलों पर किसी भी प्रकार की रासायनिक कीटनाशक एवं उर्वरको का प्रयोग नहीं किया जाता है, सिर्फ प्रकृति के दौरान निर्मित उर्वरक, गोबर खाद एवं जैविक कीटनाशक उपयोग में लाया जाता है। जैविक खेती से उत्पादित अन्न का सेवन करने से हम सभी का शरीर भी स्वस्थ रहता है। जैविक खेती से उत्पादित अन्न का सेवन स्वास्थ्य के लाभदायक है। वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र डा.अजय कुमार ने उपस्थित अतिथियो का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र द्वारा वैज्ञानिको के माध्यम से कृषको को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के बारे मे बताते हुए कहा कि गाय के गोबर, गौमूत्र मे सभी पोषक तत्व की मात्रा संतुलित मात्रा मे उपलब्ध है, इनके प्रयोग से भूमि की उर्वराशक्ति बनी रहती है। वैज्ञानिक-शुआटस, डा0 मनीष केसरवानी ने बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत को बनाने की विधि एवं प्रयोग की विधि पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। मृदा वैज्ञानिक डा0 मनोज कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती का मूल उद्देश्य कम लागत में ज्यादा उत्पादन के साथ अन्नदाता की आय को बढ़ाना है। प्राकृतिक खेती से उगाए गए फल, सब्जियों का स्वाद अलग एवं पौष्टिक होती है। उप कृषि निदेशक डा0 उदयभान गौतम ने विभागीय योजनाओ एवं किसान सम्मान निधि के बारे मे जानकारी प्रदान की कार्यक्रम मे किसान सम्मान निधि की 13वीं किश्त ऑनलाइन जारी करने के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को भी प्रतिभागियो ने सुना। संगोष्ठी मे केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 आशीष, डा0 अमित, डा0 मीनाक्षी, डा0 नवीन शर्मा आदि ने भी प्राकृतिक खेती के गुर बताए इस अवसर पर इफ्को के प्रबंधक वाई पी सिंह ने इफ्को के उत्पादो की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर नमामि गंगे यू0पी0 डास्प, कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, एफपीओ आदि ने स्टॉल के माध्यम से कृषको को जागरूक किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम ने उपस्थित अन्नदाताओ का धन्यवाद ज्ञापित किया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीडीओ



जागरूकता संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं

# कोचिंग जा रहे बाइक सवार छात्र को ट्रैक्टर ने कुचला, इलाज के दौरान हुई मौत

## दुर्घटना के बाद कड़ा धाम पुलिस ने ट्रैक्टर को पकड़कर कब्जे में लेकर जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र में बाइक से कोचिंग जा रहे इंटर मिडियट के छात्र को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार छात्र गंभीर घायल हो गया,घायल छात्र को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई,छात्र की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रैक्टर को पकड़कर जांच में जुट गई है।



दुर्घटना के बाद लगी भीड़

घटना कड़ा धाम थाना क्षेत्र के बारा हवेली गांव के पास की है जहा का जितेंद कुमार उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्र रामप्रताप 11वीं का छात्र था और वह मान सिंह इंटर कॉलेज अलीपुर जीता में पढ़ता था,जितेंद्र बाइक से सिराथू कोचिंग पढ़ने के लिए जा रहा था,तभी बारा हवेकी गांव के पास अचानक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार छात्र जितेंद्र को टक्कर मार दी,टक्कर लगते ही जितेंद्र बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर घायल हो गया,जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जितेंद्र की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और वाहन को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

# जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आज होगा आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला विज्ञान क्लब द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी के अवसर पर जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन गंगा प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज, कोखराज में प्रातः 10 बजे किया जायेंगा। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य विषय-वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान है। उन्हांने बताया कि जनपद स्तर पर प्रदर्शित 100 मॉडलों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को क्रमशः रू0 3000, 2000 एवं 1000 के नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेंगा। इंजीनियरिंग के सर्वोच्च एक मॉडल/विद्यार्थी को रू0 3000 का नकद पुरस्कार दिया जायेंगा। जनपद स्तर से सर्वोच्च चयनित 15 मॉडल/विद्यार्थी मण्डल स्तर पर भेजे जायेंगे। मण्डल स्तर से सर्वोच्च चयनित 10 मॉडल/विद्यार्थी राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए भेजे जायेंगे। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए समन्वयक जिला विज्ञान क्लब कौशाम्बी वसीम अहमद के मोबाइल नम्बर-9450614358 एवं 9565162600 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## 27 फरवरी से 25 अप्रैल तक जिले में धारा 144 लागू

**कौशांबी।** आगामी त्यौहार को देखते हुए जिला प्रशासन ने संपूर्ण कौशांबी जनपद में 27 फरवरी 2023 से 25 अप्रैल 2023 तक धारा 144 लागू कर दी है अपर जिला अधिकारी जयचंद पांडेय ने धारा 144 का आदेश जारी कर तहसील थाना पुलिस से कड़ाई से पालन करने के लिए कहा है इस दौरान एक स्थान पर पांच व्यक्तियों या इससे अधिक ब्यक्तियों के एकत्रित होने पर रोक लगाई गई है लाठी डंडा शस्त्र लेकर चलने पर प्रशासन ने पाबन्दी लगाई है इस दौरान धरना प्रदर्शन पर भी पूरी तरह से रोक लगाई गई है।

## न्यूज झरोखा

### नवधा भक्ति से होती है भगवतप्राप्ति : बटुक जी महाराज



**कौशाम्बी।** अघोरी बाबा आश्रम हनुमान मंदिर कैमा धमावा ब्लॉक सिराथू में चल रही नवदिवसीय श्रीरामकथा के चौथे दिवस चित्रकूट धाम से पधारे कथावाचक बटुक जी महाराज ने कथा श्रोतागणों को नवधा भक्ति का प्रसंग सुनाया। बटुक जी ने कथा के संदर्भ में बताया कि भगवान श्रीराम और भाई लक्ष्मण माता सीता के हरण होने पर उनकी खोज करते करते वन में भगवान श्रीराम की परम भक्त भीलनी सबरी से मिले। भीलनी सबरी की भक्तिभावना से प्रसन्न होकर भगवान श्रीराम जी ने भीलनी सबरी को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। भगवान ने सबरी को भक्ति के नौ प्रकार बताए। प्रथम भगति संतन्ह के संगा, दूसरि रति मम कथा प्रसंगा....इस अवसर पर बटुक जी महाराज ने कहा कि मनुष्य को नवधा भक्ति करनी चाहिए। नवधा भक्ति से भगवतप्राप्ति होती है। आगे कहा कि सबरी जैसी भीलनी की भक्ति भावना से भगवान ने उसका भी उद्धार किया तो हम लोग तो सामाजिक रूप से अच्छे कुल कुटुंब के लोग हैं। कार्यक्रम के चौथे दिवस श्रीराम महायज्ञ के यजमान दयाशंकर तिवारी और उनकी धर्मपत्नी आशा देवी ने अंतर्जनपदीय यज्ञाचार्य के साथ दैनिक यज्ञ कार्य विधि विधान से पूरा किया। कथा कार्यक्रम के चौथे दिवस क्षेत्र के कई गांवों के लोग कथा श्रवण करने अघोरी बाबा आश्रम धमावा पहुंचे और बड़े भक्ति भाव से भगवान की कथा सुनी। कार्यक्रम आयोजक त्यागी जी महाराज ने सभी क्षेत्रवासियों से नित्य कथा में शामिल होने और भक्ति भावना के साथ भगवान की कथा श्रवण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के चौथे दिवस अजय सोनी, सुरजीत वर्मा, वीरेंद्र तिवारी, अनिल मौर्य, धीरज केसरवानी, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

### हिंदू रक्षा निधि की सयुंक्त बैठक हुई सम्पन्न



**कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के अफजल पुर सातों गांव के मजरा मामासाही का पुरवा मेंसोमवार दोपहर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद् व राष्ट्रीय बजरंग दल की तरफ से हिन्दू रक्षा निधि की एक बैठक सम्पन्न हुई,संगठन के जिला अध्यक्ष मुन्नू यादव एवं महामंत्री देवेश उपाध्याय ने बैठक के दौरान कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि सभी लोग संगठन के कार्य को पूरी इमानदारी और सत्य निष्ठा के साथ निभाए ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन में जोड़ें ताकि हमारा संगठन गांव ब्लॉक तहसील के साथ जिले स्तर पर भी काफी मजबूत हो सके ।कार्यकताओं ने हिंदू रक्षा निधि की बैठक में बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। इस दौरान संघठन के सहमंत्री संजय दुबे,काशी प्रांत अध्यक्ष नरेंद्र शास्त्री,राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष यश राज मिश्रा,अनुराग भट्ट,दीपक मौर्या,ब्लाक महामंत्री शिवम पाण्डेय,डा सोनू भारती,जगदीश मिश्रा, कुल्लू ओझा,जीतू जायसवाल , जसवंत यादव समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त मो० सोनू पुत्र शकील अहमद निवासी मलाक मोहिउद्दीनपुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### ताला तोड़कर चार सिलेंडर उठा ले गए चोर

**भरवारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के नेवारी उच्च प्राथमिक विद्यालय के दरवाजे का ताला तोड़कर रसोई में रखा 4 गैस सिलेंडर बीती रात चोर उठा ले गए हैं मामले की जानकारी सुबह प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र तिवारी को हुई तो उन्होंने गैस सिलेंडर चोरी चले जाने की सूचना करारी पुलिस को दी है

**तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा रात्रिगस्तावाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त भइयालाल पुत्र सुखलाल निवासी सुदेसरा थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर को नहर पुलिस कनवार के पास से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# 10 बजे तक डोर टू डोर जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

## अधिशासी अधिकारी ने कहा कि तृतीय चरण के बाद आर्थिक दंड का प्रावधान

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान का आज सोमवार को द्वितीय चरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया हितेश श्रीवास्तव जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन की उपस्थिति में नगर पंचायत कार्मिकों ने जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया इस दौरान प्रथम चरण का फीडबैक भी लिया गया है इस दौरान अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ये नगर की स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों पर ही निर्भर नही है बल्कि जनभागीदारी से इसे सफल बनाया जा सकता है कूड़ा फेंकने वाले भवन स्वामियों को उन्होंने निर्देशित किया है कि वह आगे से कूड़ा न फेंके सुबह 10 बजे तक हर गली मोहल्ले में स्वच्छता सफाई कर्मी अपने वाहन को ला रहे हैं जिसमें आप लोग सूखा और गीला कूड़ा डाल दें आज 27 फरवरी से 5 मार्च तक द्वितीय अभियान तक यदि कूड़ा फेंकने में सावधानी नही बरती तो तृतीय चक्र जो 5 मार्च से 31 मार्च तक होगा किसी भवन स्वामी ने सार्वजनिक जगह सड़क गली में कूड़ा फेंकेगे तो जुमार्ना लगाया जाएगा वहीं इस अभियान की नगरवासी भी तारीफ कर रहे हैं इस जनजागरूकता रैली अभियान में नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी सफाई कर्मी मौजूद रहे।



डोर टू डोर जागरूकता रैली

## जनपद न्यायाधीश ने घोषित अवकाश 12.11.2023 रविवार के एवज में 09.03.2023 को अतिरिक्त अवकाश किया घोषित

**कौशाम्बी।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी कैलेण्डर वर्ष-2023 के अनुसार दिनांक 12 व 13 नवम्बर 2023 को दीपावली का अवकाश घोषित किया गया है। दिनांक 12.11.2023 को रविवार है महामंत्री मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, कौशाम्बी द्वारा अवगत कराया गया है कि स्थानीय तौर पर होली के दूसरे दिन रंग गुलाल खेलने की प्रथा है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, जिस कारण अधिवक्ता एवं वादकारियों को न्यायालय पहुँचने में समस्या हेगी तथा दिनांक 12.11.2023 के स्थान पर दिनांक 09.03.2023 को अवकाश घोषित करने की याचना की गई है। जनपद न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत कैलेण्डर वर्ष-2023 के पैरा 7 में दी गई व्यवस्था के अनुसार महामंत्री, मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, कौशाम्बी द्वारा अवगत करायी गयी अधिवक्तागण एवं वादकारियों की असुविधाओं के निराकरण के दृष्टिगत घोषित अवकाश दिनांक 12.11.2023 (रविवार) के एवज में दिनांक 09.03.2023 को अतिरिक्त अवकाश घोषित किया है।

# गलत तरीके से पंचायत भवन ध्वस्त करने वालों पर होते होते रुक गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कार्यवाही कर जिन्हें दंडित किए जाने के अधिकार सरकार ने दिया है जब वही हिस्सा वसूल कर भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाएंगे तो योगी सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति कैसे सफल होगी ताजा मामला कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के उरई अशरफ पुर गांव के पंचायत भवन को बिना अधिकार के ध्वस्त कर दिए जाने के मामले का है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत उरई अशरफ पुर में पंचायत भवन पूर्व के वर्षो में लाखों की लागत से बनाया गया था पहले तो इस पंचायत भवन की मरम्मत कराए जाने की अधिकारियों से स्वीकृत ले ली जाए लेकिन मरम्मत के बजाय पंचायत भवन को ग्राम प्रधान ने ध्वस्त कर दिया भ्रष्टाचार कमीशन खोरी में लिप्त ग्राम प्रधान का कहना है कि पूर्व की बनी संपत्तियों को वह अपने कार्यकाल में उपयोग नहीं करेंगे और उन्होंने बिना किसी अधिकारी के पूर्व स्वीकृति के मजदूरों को लगा कर पंचायत भवन को ध्वस्त करा दिया पंचायत भवन ध्वस्त किए जाने के बाद ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव में खींचतान शुरू हो गई पंचायत सचिव ने पंचायत भवन ध्वस्त कराए जाने के मामले का विरोध किया उन्होंने कहा कि पंचायत भवन ध्वस्त कराए जाने का अधिकारियों से स्वीकृति नहीं मिली है इसलिए पंचायत भवन ध्वस्त कराया जाना गलत है पंचायत भवन ध्वस्त कराए जाने के समय पंचायत सचिव ने डीपीआरओ को सूचना दिया मामले को डीपीआरओ ने संज्ञान में लिया लेकिन कुछ दिन बाद दोषी ग्राम प्रधान को दंडित किए जाने के बजाय मामले में लीपापोती शुरू हो गई सूत्र बताते हैं कि डीपीआरओ के यहां से दो लाख दिए जाने का फरमान जारी हुआ अपनी गर्दन फसती देख ग्राम प्रधान ने दो लाख का इंतजाम किया किसी माध्यम से मांगी गई रकम पहुंचा दिया दो लाख पहुंचते ही बिना अनुमति पंचायत भवन ध्वस्त कराए जाने की पत्रावली पर कार्यवाही ठंडी पड़ गई महीनों बीत जाने के बाद दोषियों को दंडित नहीं किया गया लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बिना अनुमति के पंचायत भवन ध्वस्त कराए जाने के मामले की जांच कराते हुए दोषियों को दंडित किए जाने और पत्रावली पर कार्यवाही न करने वाले डीपीआरओ के कारनामों को भी संज्ञान लेकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### दो लाख रुपए लेकर दोषियों को बचाने का डीपीआरओ पर लगा आरोप



# बोर्ड परीक्षा : शिक्षकों की तैनाती में बड़ा खेल!

## निष्पक्ष परीक्षा का दावा कर रहे अधिकारी, परीक्षा में उड़ाका दल पर भारी पड़ते दिख रहे हैं नकल माफिया

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा वर्ष 2023 में कौशांबी जिले में फिर बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी बड़ा खेल हुआ है बोर्ड परीक्षा केंद्र में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित किए जाने के बाद बाहरी व्यक्तियों को ही बोर्ड परीक्षा का दायित्व सौंप दिया गया है सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि शिक्षक ही कक्ष निरीक्षक होंगे लेकिन बोर्ड परीक्षा में जिन्हें कक्ष निरीक्षक बनाया गया है उनमें आधे लोगों के पास शिक्षक की डिग्री योग्यता नहीं है लेकिन फिर भी बिना योग्यता वाले लोगों को बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक का दायित्व सौंपकर बोर्ड परीक्षा निष्पक्ष कराने का झूठा दावा किया जा रहा है आखिर किस दबाव में बिना योग्यता के लोगों को कक्ष निरीक्षक बनाया गया है यह बड़ी जांच का विषय है बोर्ड परीक्षा में बाहरी लोगों को कक्ष निरीक्षक बनाए जाने के मामले में एसआर रजिस्टर से जांच करा ली जाए तो जिला विद्यालय निरीक्षक का काला कारनामा बेनकाब हो जाएगा जब अधिकारियों की ही मनसा बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष कराने की नहीं थी कक्ष निरीक्षकों की तैनाती में ही खेल शुरू हो गया है तो फिर निष्पक्ष परीक्षा का उनका दावा कहां तक खरा उतरेगा यह जन जन चर्चा का विषय है बोर्ड परीक्षा से जुड़े अधिकारी भले ही निष्पक्ष परीक्षा कराए जाने का दावा कर रहे हो लेकिन सब कुछ बीते वर्षो की तरह इस वर्ष भी परीक्षा केंद्रों में खुलेआम चल रहा है बीते कई वर्षो से बोर्ड परीक्षा में धांधली कर मालामाल हुए नकल माफिया इस वर्ष भी अपनी आदत से बाज आते नहीं दिख रहे हैं दर्जनों नकल माफियाओं द्वारा बड़ी योजनाबद्ध तरीके से नकल की निष्पक्षता को तार-तार किया जा रहा है हालांकि प्रशासन की ओर से भी विभिन्न प्रकार के उड़ाका दल की तैनाती कर बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन उड़ाका दल पर नकल माफिया भारी पड़ते दिख रहे हैं। तमाम ऐसे विद्यालयों को भी बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिनके विद्यालय भवन मानक कों नहीं पूरा कर रहे हैं जिन्हें गलत तरीके से मान्यता दी गई है उनकी मान्यता की जांच करा कर उनकी मान्यता निरस्त करने के बजाए गलत विद्यालयों को भी बोर्ड परीक्षा केंद्र बना दिया गया है इसके पीछे बीते वर्षों की तरह धन उगाही का भी आरोप शिक्षा समित पर लगता रहा है। सवाल उठता है कि शिक्षकों के अलावा अन्य लोगों को कक्ष निरीक्षक बनाए जाने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक ने इतनी बड़ी लापरवाही क्यों की है इसके पीछे इनका क्या स्वार्थ छिपा हुआ था यह जगजाहिर है बीते वर्षों में भी बाहरी लोगों को कक्ष निरीक्षक बनाकर विद्यालय में प्रवेश कराने के मामले में पूर्व के जिला विद्यालय निरीक्षक को निलंबित तक होना पड़ा था क्या इस वर्ष भी बाहरी लोगों को कक्ष निरीक्षक बनाए जाने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक को निलंबित कर उनके आचरण की शासन जांच कराएगा बाहरी लोगों को कक्ष निरीक्षक बनाकर बोर्ड परीक्षा में प्रवेश कराए जाने के मामले में जुबान खोलने को कोई तैयार नहीं है। इस मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक से बात कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन कार्यालय में मौजूद न होने के चलते जिला विद्यालय निरीक्षक से बात नहीं हो सकी है।

### परीक्षा में प्राचार्य ने की सघन जांच



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में हाई स्कूल अंग्रेजी के पेपर में विद्यालय के प्राचार्य संजय श्रीवास्तव ने नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर परीक्षार्थियों जांच पड़ताल की है उन्होंने बताया कि 492 छात्र पंजीकृत थे जिनमें 3 छात्र अनुपस्थिति हैं और कुछ छात्रों का परीक्षा सेंटर भवंस विद्या श्रम जिसमें डॉक्टर रिजवी डिग्री कालेज सेंट जोसेफ कॉलेज केपीएस भीटी केपीएस कौशांबी वीआरएस कौशांबी विद्यालय के छात्र परीक्षा में उपस्थित है उन्होंने कहा कि किसी कीमत में हाई स्कूल की परीक्षा में नकल नहीं होने दी जाएगी नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

# पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना कौशाम्बी के नोडल अधिकारी डॉ पवन कुमार द्वारा शिविरार्धियो को योगाभ्यास एवं प्रार्थना से प्रारंभ कराया। योगाभ्यास के उपरांत छात्र-छात्राएं गांव यूसुफपुरारा में पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत गांव में रैली निकालकर ग्राम वासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया एवं नुक्कड़ नाटक नवीन गोविंद गौरव, खुशबू आदि की टीम द्वारा प्रस्तुत कर जन जागरूकता का प्रयास किया ।भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि जिला वन अधिकारी राम सिंह यादव ने शिविर मे छात्र-छात्राओं को बताया की वृक्ष पर्यावरण का एक हिस्सा है 'पारिस्थितिकी तंत्र में जैविक अजैविक सभी घटकों का अपना एक महत्व है' खाद्य श्रृंखला बाधित होने पर पर्यावरण असंतुलित होता है पौधारोपण के माध्यम से न केवल हम पर्यावरण को संरक्षित करते हैं अपितु प्रत्यक्ष रूप से उन से आर्थिक लाभ भी प्राप्त करते हैं ।कार्यक्रम का संचालन नव्या देवी ने किया । डॉक्टर संतोष कुमार ने वृक्षों से होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ के बारे में बताया डॉ अमित कुमार एवं डॉक्टर अनिल कुमार ने मानव अस्तित्व के लिए पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया अंत में डॉ पवन कुमार ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन योगाभ्यास से हुआ शुरूआत






# संपादकीय

## मयार्दा नहीं रही अफसोस

मयार्दा नहीं रही। अफसोस। बहुत दुख हो रहा है। दुख के अनगिनत आंसू ढुलक रहे हैं। आप चाहें तो इन आंसुओं के टब भर सकते हैं। आप टब भी भर सकते हैं, बाल्टी भी भर सकते हैं, गिलास, लोटा,कटोरा कुछ भी भर सकते हैं। यहाँ तक कि आप 'टंकी' भी फुल कर सकते हैं। जी हां ! हम अपनी 'मयार्दा' की ही बात कर रहे हैं। नहीं समझे आप ? अजी ! मयार्दा किसी 'लड़की' का नाम नहीं है, जो नहीं रही। मतलब 'गुजर' (डेथ) गई। लेकिन 'मयार्दा' के बारे में हम यही बात कहेंगे कि 'मयार्दा इज नो मोर।' 'मयार्दा' अब इस दुनिया में नहीं रही। हमें लगता है कि आप अब भी नहीं समझे हैं। चलिए कोई बात नहीं। हम आपको समझाते हैं। अजी ! 'मयार्दा' मतलब 'मान', 'प्रतिष्ठा','गौरव'। आप चाहें तो इसे 'सीमा' भी कह सकते हैं। वैसे 'सीमा' लड़की वाली 'सीमा' नहीं। सीमा का मतलब है 'हद'। हद वाली सीमा। माना कि घर में दो बरतन होतें हैं तो वे आपस में खटकते हैं, खनखनाहट करते हैं, आवाज करते हैं। आज न घर में मयार्दा है और न ही राजनीति में। आरोप-प्रत्यारोप, बहसबाजी माना कि हो जाती है। थोड़ा बहुत आटे में नमक चलता है जी। लेकिन इसमें भी तो 'मयार्दा' दिखनी ही चाहिए। छींटाकशी में 'मयार्दा' तो नहीं दिख सकती। स्थिति 'आ रे मेरे सपम्मपाट, मैं तुझे चाटू तू मुझे 'चाट' वाली हो गई है। न लेखन में मयार्दा है, न आपसी बोलचाल में मयार्दा है, न सदन में मयार्दा है और न ही बयान में मयार्दा है। मयार्दा तो आजकल ऐसे हो गई है जैसे 'ईद का चांद' हो। कभी-कभी ही दिखती है। वेलेंटाइन डे पर भी इस बार 'मयार्दा' कहीं नहीं दिखी। वैसे, यदि मयार्दा नहीं होती तो आदमी में संयम नाम की कोई चीज नहीं रहती। बयानों के तीर पर तीर चलते हैं। परमाणु युग में बयानों के तीर चल रहे हैं। हमें तो ये 'बयान' परमाणु बम से भी घातक लगते हैं। सीधा तीक्ष्ण व घातक वार करते हैं। वो हमारे खासमखास तोताराम जी यूं ही कहते हैं कि विश्व 'परमाणु बम' (बारूद) के ढ़ेर पर खड़ा है। वो सरासर झूठ, असत्य को ?ा सफेद झूठ कहते हैं। उन्हें निश्चित ही कौआ काट खाएगा, क्योंकि 'झूठ बोले कौआ काटे।' अजी ! असत्य बोलना सबसे बड़ा पाप है। महापाप है। कटु व सुपर परम् सत्य तो यही है कि आदमी आज 'मयार्दा-लैस बम' के ढ़ेर पर खड़ा है और यही कारण है कि आज संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, डिवोर्स पर डिवोर्स हो रहे हैं, सरकार को बूढ़े-बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम तक खोलने पड़ रहे हैं। मयार्दा नहीं रहती तो आदमी बात-बात में गड़े मुर्दे उखाड़ता है। मयार्दा-लैस आदमी 'उकसाता' बहुत जल्दी है। गुस्से से लाल-पीला-काला-नीला हो जाता है। जूतम-पैजार तक पर उतर आता है। वह 'सड़क-छाप' बातें करता है। दंभ भरता है।अहम्-की भावना से ओतप्रोत और लैस हो जाता है। रामलुभाया जी 'राजनीति' में आना चाहते हैं, यह उनकी दिली ख्वाइश है लेकिन हम उन्हें कहते हैं कि रामलुभाया भैय्या ! आप कभी भी नेता नहीं बन सकते। नेता बनने के लिए 'मयार्दा-लैस' होना जरूरी है।जब तक आप 'मयार्दा-लैस' होना नहीं सीखते, आपको राजनीति का 'क' भी समझ नहीं आएगा। आपको सिद्धांतों और मुद्दों से सीधा-सपाट तौर पर खिसकना सीखना होगा और 'छींटाकशी' का परम् सिद्धांत सीखने के लिए 'पीएचडी' करनी होगी। कोई अच्छा गाइड ढूढना होगा। विपक्ष पर 'हमला' तभी संभव हो सकता है जब आप 'हमले' में हावी हो। और आपका हमला तभी हावी हो सकता है जब आप 'मयार्दा-लैस' होकर अपनी आंखें लाल-काली-नीली-पीली कर अपने 'बयानों'(परमाणु बम) और अपने 'बिनौटी'( जूते-चप्पलों) से पूर्ण तैयारी के साथ हमला करो।

## भ्रष्टाचार की कचोरी

**रामविलास जांगिड़**

**मंत्री** जी की आंखों में भ्रष्टाचार की कचोरी खाने का सपना तैर रहा है। अहा! रसना-रसीली कुरकुरी कचोरी की पीयूषा वाणी कर्ण में प्रविष्ट होते ही मंत्री जी आनन्दमग्न हो गए हैं। अमृत से भी अधिक मधुर, चन्द्रमा से भी अधिक शीतल, कचोरी भक्षण की हींगमयी सुगंधित महक युक्त वाणी मंत्री जी के हृदय के समस्त दुःखों का हरण कर लेती है। वे कुर्सी से उठते तक नहीं है। बैठे-बैठे ही दलाल को पूछते हैं- 'तात तुम्ह कचोरी कहां ते लाए। परम प्रिय कचोरी बचन सुनाए।' आश्चर्य होता है कि इतना मंगलमय समाचार लाने वाले दलाल से स्वागत कथन भी नहीं किया जाता है! न ही कोई प्रणाम! इस समय मंत्री जी की स्थिति बड़ी दारुण हुई जा रही है। कचोरी की याद में उनके समस्त अंगों ने अपनी सुध-बुध खो दी है। कमल के समान सुंदर नेत्र बंद है। नेत्रों से अत्यंत हर्ष के आंसू बरस रहे हैं। शरीर का रोम-रोम जिह्वा बन गया है। कचोरी के एक-एक अंश का स्वाद लेने के लिए रोम-रोम लालायित हो गया है। कोरोना महाकल्प में कचोरी नाद से मंत्री जी एकाएक ही समस्त सुखों के स्वामी बन गए हैं। उसी समय सारंग समान सुंदर कानों में कचोरी शब्द नाद सुनाई पड़ता है- मंगलमय, रसमय जिह्वा सुंदरी कचोरी; सब संताप हरने के लिए आपके सम्मुख प्रस्तुत है। दलाल अपने सुंदर हाथों में कचोरी लिए मंत्री जी का अनेकों प्रकार से स्तुति गान कर रहे हैं। किन्तु कचोरी प्रेमी मंत्री जी को प्रसन्नता के साथ सन्देह है कि कहीं मेरी व्याकुलता, कचोरी के प्रति संपूर्ण आसक्ति या भावना के कारण ऐसा भ्रम तो सुनाई-दिखाई नहीं पड़ रहा है? पर हृदय कहता है- 'कल्पना ही सही! किन्तु नेत्र इस भय के मारे नहीं खोलते कि कहीं सचमुच भ्रम की भावना सिद्ध न हो जाए! दलाल के शब्द सुनकर उन्हें यही भय होता है कि यह मेरे मानसिक भ्रम की अवस्था ही है। कोई विरहिणी नायिका शयन कक्ष में कचोरी आसक्त पड़ी स्वप्न रत है। उसे नगर की विविध थड़ियों पर कचोरी चाटने का दिव्य स्वाद सता रहा है। स्वप्न में उसे कढ़ी-कचोरी के दर्शन होते हैं। कचोरीयातुर नायिका जागने का उपक्रम करती है। किन्तु भावमयी मृग नयनी नेत्र नहीं खोलना चाहती है। क्यों? क्या रुठी है? नहीं, नहीं, नहीं! नेत्र खोलने में उसे भय लगता है। भय किस बात का? सपने में कचोरी खाते हुए नायिका बेसुध है- 'सोवत सोवत हे सखि, कोई लिया जगाय। आंख न खोलूं डरपती, मत सपना होइ जाय।' अहा! कैसी करुण व्यथा है! पुरानी मंडी चाट कचोरी की व्यथा दर्द में नायिका मूर्छित है। वह कचोरी के विरह में अपनी सुध-बुध खो बैठी है। अपने प्रियतम से कह रही है। हे प्रियतम! कुछ नहीं तो मुझे सपने में ही इस दुर्लभ कचोरी का कढ़ी के साथ मिलान करके आनंद लेने दो। 'मत सपना होइ जाय।'

# कांग्रेस की राह बहुत मुश्किल है और महाधिवेशन से बहुत कुछ नहीं बदला है !

**अशोक भाटिया**

**राहुल** गांधी ने कांग्रेस में एक परिवार एक पद का नारा दिया था। उन्होंने गांधी-नेहरू परिवार से बाहर के व्यक्ति को पार्टी नेतृत्व देने पर भी जोर दिया था। परिवार से बाहर का अध्यक्ष तो आ गया, लेकिन क्या कांग्रेस सचमुच प्रथम परिवार के प्रभाव से मुक्त होकर लोकतांत्रिक बन पाई? कांग्रेस संचालन समिति का खरगे को कार्यसमिति बनाने का अधिकार देना भले ही लोकतांत्रिक लगे, लेकिन कांग्रेसजनों को भी पता है कि अगली कार्यसमिति ठीक वैसे ही गांधी-नेहरू परिवार की मर्जी से बनेगी, जैसी बनती रही है। कांग्रेस ने परिवारवाद के आरोप को सतह पर खारिज करने की कोशिश की, लेकिन अधिवेशन में जो हुआ, उससे लोगों में वह विश्वसनीयता नहीं बना पाई। इसका संकेत आम कांग्रेसियों के बयान हैं, जो साबित करते हैं कि रायपुर में जो हुआ, उसके पीछे गांधी-नेहरू परिवार की ही मर्जी थी।

25 मार्च को रायपुर पहुंचीं प्रियंका के स्वागत में रायपुर हवाई अड्डे से महाधिवेशन स्थल तक की करीब दो किलोमीटर की सड़क पर गुलाब की पंखुड़ियां बिछाई गईं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से प्रियंका के लिए ऐसा किया गया। इससे कांग्रेस में पहले परिवार के प्रति चाटुकारिता की पराकाष्ठा का ही संदेश गया।

समाचारों के अनुसार कांग्रेस के 137 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि नेहरू गांधी परिवार के तीन सदस्य एक साथ कांग्रेस कार्य समिति में होंगे। इससे पहले संभवतः कभी ऐसा नहीं हुआ है। परिवार के दो सदस्य तो एक साथ कार्य समिति में रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की जो नई कार्य समिति बनेगी उसमें परिवार के तीन सदस्य एक साथ रहेंगे। कांग्रेस ने संविधान में संशोधन करके पूर्व अध्यक्षों को स्थायी सदस्य बनाने की व्यवस्था कर दी है। ध्यान रहे पार्टी में अभी सिर्फ दो ही पूर्व अध्यक्ष हैं। एक तो 20 साल से ज्यादा समय तक अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी और दूसरे करीब दो साल तक अध्यक्ष रहे राहुल गांधी। सो, ये दोनों कार्य समिति के सदस्य रहेंगे। सोनिया गांधी भले सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लें लेकिन कार्य समिति की सदस्य बनी रहेंगी।

कांग्रेस कार्य समिति में तीसरी सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा होंगी। अगर संविधान के मुताबिक कार्य समिति के 11 सदस्यों का चुनाव होता तो प्रियंका के चुनाव लड़ने की संभावना थी। लेकिन अब सभी 23 सदस्य मनोनीत होंगे। बताया जा रहा है कि पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उनको कार्य समिति में मनोनीत करेंगे। वैसे भी वे चार साल से पार्टी की महासचिव हैं, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की प्रभारी रही हैं और हाल ही में हिमाचल प्रदेश के चुनाव में उन्होंने अकेले प्रचार किया और चुनाव जीतने का श्रेय उनको दिया गया। राहुल गांधी उस समय भारत जोड़ो यात्रा कर रहे थे। रायपुर के कांग्रेस अधिवेशन में भी प्रियंका गांधी वाड्रा को मंच पर प्रमुखता से जगह मिली थी। वे आगे के चुनावों में भी कांग्रेस की स्टार प्रचारक रहने वाली हैं। इसलिए कार्य समिति में उनके लिए स्वाभाविक रूप से जगह बनती है।

हाल ही में राहुल गांधी ने इटली के एक अखबार को दिए इंटरव्यू में आरोप लगाया कि मोदी के दबाव में मीडिया उनकी खबरें तक नहीं दिखाता, उनका बयान तक नहीं छापता। इस आरोप की कलई इस महाधिवेशन की हुई धुआंधार मीडिया रिपोर्टिंग ने खोल दी। जिस तरह विशेषकर टीवी पर कार्यक्रम की रिपोर्टिंग हुई, साफ है कि कांग्रेस का महत्व मीडिया की नजर में कम नहीं हुआ है। महाधिवेशन में कांग्रेस ने अपने मिनी घोषणापत्र में कहा कि तीसरे मोर्चे की अवधारणा और गठन, चुनावों में भाजपा के लिए फायदेमंद साबित होगा। मतलब साफ है कि समूचा विपक्ष उसकी छतरी के नीचे आ खड़ा हो। बिहार के पूर्णिया की रैली में नीतीश कुमार ने इस विचार का एक तरह से समर्थन भी कर दिया। लेकिन अभी शरद पवार, ममता बनर्जी और के चंद्रशेखर राव जैसे नेताओं की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यानी कांग्रेस की चुनावी छतरी के नीचे आने को लेकर विपक्षी धड़े में अब भी उलझन है।

कांग्रेस के संदेशों पर कांग्रेसजन भरोसा कर सकते हैं, लेकिन महाधिवेशन में जिस तरह पार्टी के पहले परिवार का वर्चस्व एक बार फिर साबित हुआ है, उससे भाजपा के लिए उस पर परिवारवाद का आरोप लगाने का और मौका मिलेगा। वैचारिक आधार पर भी पार्टी कोई ठोस संदेश नहीं दे पाई। शशि थरूर के भाषण से इसका संकेत भी मिला। ऐसे में कांग्रेस मोदी पर उनकी सादगी के बहाने जब भी तंज कसेगी, लोग उसे विश्वसनीय नहीं मानेंगे। चुनावी मैदान में उसका परिवारवाद उसकी राह में फिर बाधा बनकर खड़ा नजर आएगा। जनता के दिलों में जब भी उतरने की बात होगी, उसके सामने चुनौतियां होंगी। यानी कांग्रेस की राह बहुत मुश्किल है और महाधिवेशन से बहुत कुछ नहीं बदल रहा है।



भारतीय लोकतंत्र के लिए ये बेहद जरूरी है कि राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत विपक्ष हो। लेकिन ये हम सब जानते हैं कि 2014 से ऐसा कतई नहीं है। संख्या बल के हिसाब से तो कह ही सकते हैं। विपक्ष है भी तो बिखरा हुआ। कांग्रेस को इस दिशा में गंभीरता से प्रयास करना चाहिए था । हालांकि उसकी ओर से इस दिशा में कोई संजीगदी दिख नहीं दी । 2024 के आम चुनाव में अब कमोबेश एक साल का ही वक्त रह गया है। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर इतनी मजबूत है कि एकजुट विपक्ष ही उसकी सत्ता के लिए थोड़ी बहुत चुनौती पेश कर सकता है। थोड़ी बहुत इसलिए कि यूनिट के तौर पर संगठन और कार्यकर्ता के लिहाज से भाजपा का मुकाबला करना किसी भी पार्टी के लिए फिलहाल मुश्किल है।

कांग्रेस को एक बात भलीभांति समझ लेनी चाहिए था कि मौजूदा समय में उसकी राजनीतिक हैसियत इतनी नहीं है कि बाकी विपक्षी दल उसके पास आएंगे। दूसरी बात जितने भी भाजपा विरोधी दल है, हम कह सकते हैं कि उनमें सिर्फ कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जिसका जनाधार सिर्फ एक राज्य तक सीमित नहीं है, उसके पास कमोबेश राष्ट्रव्यापी आधार है। कांग्रेस को छोड़ दें तो फिलहाल ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और के चंद्रशेखर राव अपने-अपने हिसाब से विपक्षी दलों को लामबंद करने में जुटे हैं। इनमें ममता बनर्जी का सियासी जमीन पश्चिम बंगाल, नीतीश का बिहार और केसीआर का तेलंगाना में ही है। चाहे ये तीनों कितना भी प्रयास करें, फिलहाल राष्ट्रीय स्तर पर इनकी राजनीतिक हैसियत क्षेत्रीय क्षत्रप की ही है। इन तीनों नेताओं के दिमाग में भले ही राष्ट्रीय मंसूबे पल रहे हों, लेकिन बगैर कांग्रेस के उन मंसूबों से भाजपा को नुकसान की बजाय फायदा ही होगा। जितना विरोधी वोट बंटेगा, भाजपा उतनी मजबूत होते जाएगी।

ऐसे हालात में कांग्रेस का ये राजनीतिक दायित्व भी बन जाता था है कि वो विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने के लिए गंभीरता से पहल करती और वो भी बिना समय गवाए क्योंकि 2024 के चुनाम में अब ज्यादा समय नहीं रह गया है। ये कांग्रेस के लिए ही ज्यादा फायदेमंद रहता । ममता, नीतीश और केसीआर की राजनीति एक सूबे पर आधारित रही है और अगर 2024 में उनका दायरा नहीं बढ़ा, तब भी उनकी राजनीति पर ज्यादा असर नहीं पड़ने वाला। लेकिन कांग्रेस अगर 2024 में बेहतर प्रदर्शन कर भाजपा को चुनौती नहीं दे पाई तो उसके सामने अस्तित्व का भी संकट खड़ा हो सकता है। ये बात तय है कि अकेले कांग्रेस 2024 में नरेंद्र मोदी की सत्ता को चुनौती नहीं दे सकती। इसमें शायद ही किसी राजनीतिक विश्लेषक को संदेह हो। केंद्र की राजनीति में जितनी बड़ी ताकत भाजपा बन गई है, उसको देखते हुए कांग्रेस के सामने एकजुट विपक्ष ही एकमात्र रास्ता है और इसके लिए अभी से ही कांग्रेस को सभी विपक्षी दलों से संवाद करना चाहिए था । ये बात ममता, नीतीश और केसीआर को भी अच्छे से पता है कि बगैर कांग्रेस विपक्षी दलों का कोई भी गुट भाजपा के लिए खतरा नहीं बन सकता है। नीतीश ये बात कह भी चुके हैं कि कांग्रेस को भाजपा विरोधी दलों को एकजुट कर गठबंधन बनाना चाहिए। नीतीश का तो इतना तक कहना है कि अगर कांग्रेस ऐसा कर पाएगी तो 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 100 से भी कम सीट पर रोका जा सकता है। हालांकि ये नीतीश का मानना है, लेकिन इतना तो तय है कि भाजपा को थोड़ी भी चुनौती मिलेगी तो वो सिर्फ और सिर्फ एकजुट विपक्ष से ही मिल सकती है।

2024 में अगर भाजपा को चुनौती देना है तो विपक्षी एकता की बागडोर कांग्रेस को अपने हाथों में लेने की बात करनी चाहेए थी । इसके लिए उसे देशभर के तमाम भाजपा विरोधी दलों से बातचीत कर उनकी चिंताओं पर भी गौर करना चाहिए था । इस प्रक्रिया में हो सकता था कि उसे कुछ राज्यों में कुछ सीटों का नुकसान उठाना पड़ता , लेकिन राजनीतिक दूरदर्शिता यही कहती है कि कांग्रेस को इस नुकसान में भी फायदा ही होता । अगर सभी विरोधी दलों के एकजुट होने से 2024 में भाजपा के विजय रथ को रोकने में कामयाबी मिलने की तनिक भी संभावना बनती , तो ये कांग्रेस के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद होता । विपक्षी दलों की एकजुटता से कांग्रेस की सीटें बढ़ने के साथ ही उसके जनाधार का दायरा भी व्यापक होगा।

कोई भी रणनीति बनाने से पहले कांग्रेस को ये बात हमेशा जेहन में रखनी चाहिए कि पिछले दो लोकसभा चुनाव में उसका क्या हश्र हुआ था। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 19।31 फीसदी वोटों के साथ महज 44 सीटों पर सिमट गई थी। उसे 162 सीटों और 9 फीसदी से ज्यादा वोटों का नुकसान हुआ था। कांग्रेस का वोट शेयर कभी इतना कम नहीं हुआ था। ये कांग्रेस का अब तक सबसे खराब प्रदर्शन था। स्थिति इतनी बुरी थी कि लोकसभा में आधिकारिक तौर से विपक्षी दल का दर्जा हासिल करने भर भी सीटें नहीं हासिल कर पाई थी। ये एक तरह से खतरे की घंटी जैसी थी। कांग्रेस ने इस प्रदर्शन से भी कोई सबक नहीं लिया। तभी तो इसके अगले चुनाव यानी 2019 में भी कांग्रेस का प्रदर्शन कुछ ऐसा ही रहा। वोट बैंक में तो कुछ ज्यादा सुधार नहीं हुआ, हालांकि सीटें 44 से बढ़कर 52 हो गई।

भले ही कांग्रेस रायपुर अधिवेशन के कितने भी गुणगान कराले पर उसकी इस वक्त दो सबसे बड़ी समस्याए है। पहला कार्यकत्ताओं में जोश की कमी और दूसरा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का राज्यों के नेताओं में घटता खौफ। चुनावी मुद्दों की बात छोड़ दें, तो भाजपा इन दो मुद्दों में ही इतनी मजबूत दिखती है, जिसकी वजह से वो चुनाव दर चुनाव जीत हासिल करते जा रही है। भाजपा वैचारिक और राजनीतिक दोनों स्तर पर अपने कार्यकताओं को भरपूर महत्व देती है। साथ ही साथ उसके शीर्ष नेतृत्व का पार्टी नेताओं में भय भी बना रहता है। ऐसा नहीं है कि राज्यों में भाजपा के बड़े नेताओं के भीतर अंदरूनी कलह नहीं है, लेकिन गहलोत-पायलट की तरह बयानबाजी करने की हिम्मत शायद ही कहीं नजर आती हो। कांग्रेस को ये नहीं भूलना चाहिए कि वो वहीं पार्टी है जिसकी अगुवाई में भारत को आजादी मिली, जिसने भारत के लोगों को राजनीति का ककहरा सिखाया है, जो आजादी के बाद चुनावी राजनीति शुरू होने के बाद के 70 में से करीब 50 साल केंद्र की सत्ता पर काबिज रही है। ये सब जिन वजहों से मुमकिन हो पाया था, उनमें से सबसे प्रमुख था कार्यकताओं को दिया जाने वाला महत्व, जो धीरे-धीरे कम होते गया हैं । पार्टी को इस दिशा में भी गंभीरता से कदम उठाए जाने की जरूरत है। अब हालात ऐसे बन गए हैं कि कांग्रेस के अस्तित्व पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं, इस सवाल का जवाब कांग्रेस अपनी खोई सियासी जमीन को पाकर ही दे सकती है ।

# विमुक्ता, नेहा, प्रमिला की जलने से मौत, कलाकार के दर्द बयां पर नोटिस

**नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'**

**एक** संवेदनशील नागरिक होने के नाते दर्द को महसूस करना, घटनाओं पर आक्रोशित होना, सरकारों से सवाल पूछना, घटनाओं के पीछे छुपे सच को उजागर करना, जिम्मेदार और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाहीं की मांग करना स्वभाविक है, जनता का हक है, देश के हर एक नागरिक की महती जवाबदेही भी है। एमपी के इंदौर में औ? यूपी के कानपुर देहात से उठी दर्द की कराह शर्मिंदा करने वाली है। सभ्य समाज के सिर को झुका देने वाली यह दर्दभरी सच्चाई। राज्य सरकारों की असंवेदनशील कार्यप्रणाली का उदाहरण है। दुर्भाग्य की एक राज्य में योगी का शासन है, दूसरी प्रान्त में मामा का राज कायम है। इन दोनों सूबे के मुखियाओं द्वारा लाडली लक्ष्मी और प्यारी बहना को आर्थिक सहायता देने का वादा कर नारी को सुरक्षा देने का दावा तो जोर-शोर से किया जाता है। किन्तु एमपी के इंदौर में कालेज की प्राचार्य पर आपराधिक किस्म के छात्र द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगा देना, यूपी के कानपुर में प्रशासन द्वारा बुलडोजर के माध्यम से मकान तोड़ने की घटना के दौरान प्रमिला दीक्षित एव नेहा दीक्षित नामक माँ-बेटी की जलने से मौत हो जाने की घटना महिला सुरक्षा के दावों की पोल खोलती नजर आती है। आप किस राजनीतिक पार्टी में है। कौनसे दल के प्रति आपका झुकाव है। किस राज्य में किसका शासन है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। सरकारें आती-जाती हैं। सरकारों का काम ही आमआदमी को सुरक्षा देना उसे सम्मान से जीवन यापन की परिस्थितियां उपलब्ध कराना है। जो राज्य सरकार अपने इन दायित्वों का निर्वहन करने में विफल रहेगी वह आलोचना की पात्र है। हाल की घटनाओं में तीनो महिलाओं की जलकर मौत हुई है, तड़फ कर, झुलस कर, बिलखते हुए तीन महिला इस दुनिया को छोड़ कर चली गयी। इन घटनाओं के दर्द को महसूस किए जाने की आवश्यकता है। एक भोजपुरी लोकगायिका द्वारा जब इस दर्द को जुबाँ दी गयी तो यूपी की पुलिस द्वारा लोकगायिका को नोटिस देकर सवाल पूछे गए। यह नोटिस एक कलाकार को नहीं दर्द की आवाज बुलंद करने वाले हर कलाकार, गीतकार, लेखक, पत्रकार सभी को चेतावनी है। यह संकेत है इस बात का की सरकारों को जी हुजूरी पसंद है। आंख में आंख डालकर सरकार की लापरवाहियों को उजागर करते हर सवाल को अब नोटिस का सामना करना पड़ेगा। बहरहाल विषय पुलिस का सूचना-पत्र नहीं, इंदौर और कानपुर देहात में घटित मार्मिक, दर्दनाक, विभत्स ओर भयानक अग्निकांड है। इन दोनों अग्निकांड में तीन महिलाओं की जान गई। मध्यप्रदेश के इंदौर की घटना में बीएम कालेज ऑफ इंजीनियरिग एंड फामेर्सी की प्राचार्या विमुक्ता शर्मा को कालेज के एक पूर्व छात्र ने पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। पांच दिन तक अस्पताल में जिंदगी के



लिए जंग लड़ती रही 25 फरवरी को उनकी मौत हो गयी। घटना में दोषी छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। उक्त मर्मान्तक घटना का कारण पूर्व छात्र की अंकसूची न मिलना बताया गया है। छात्र इससे पूर्व भी एक प्रोपेसर पर चाकू से हमला कर चुका था। कालेज स्टाफ को धमकी भी दे चुका था। जिसकी शिकायत भी पुलिस को की जा चुकी थी। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्राचार्य विमुक्ता की मौत को रोका जा सकता था। क्या मध्यप्रदेश में पुलिस औ? प्रशासन का डर नही है ? प्राचार्य विमुक्ता की मौत देश में नौकरी-पेशा महिलाओं के मन मे अज्ञात भय को जन्म देने वाली घटना है। प्रदेश के शैक्षिणक प्रागणों, अध्यापकों और समाज में उक्त घटना की बहुत चर्चा है। इसे बेहद गम्भीर माना जा रहा है। प्रश्न यह भी उभर रहे है कि आपराधिक मानसिकता रखने वाले लोगो मे पुलिस प्रशासन का भय क्यों नहीं है ? घटना नम्बर 2 यूपी के कानपुर देहात के मंडौली गांव में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की मुहिम के दौरान जलने से प्रमिला दीक्षित औ? नेहा दीक्षित की मौत हो गयी थी। प्रशासन की टीम के सामने घटित इस घटना में दर्ज प्राथमिकी में शिवम दीक्षित ने आरोप लगाया की स्थानीय उप मजिस्ट्रेट (एसडीएम)के इशारे पर उनकी झोपड़ी में आग लग गयी थी। जबकि पुलिस ने पूर्व में दावा किया था कि आत्मदाह की धमकी देते हुए खुद को झोपड़ी में बंद कर लिया था। प्राथमिकी के अनुसार झोपड़ी के अंदर चार लोगों को चेतावनी दिए बिना जेसीबी चालक को ढांचा गिराने का आदेश दिया गया था। यूपी सरकार ने मामले में जांच के आदेश दिए है। पुलिस ने भी एसडीएम समेत 12-15 लोगो के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की है। इस मामले में सवाल उठते है कि प्रशासन की मौजूदगी में माँ-बेटी की मौत हो जाना कैसे सम्भव है? क्या इसे रोका नहीं जा सकता था? यह घटना सम्पूर्ण भारत मे चर्चा का विषय बनी हुई है। इस दिल दहला देने वाली घटना की निंदा की जा रही है। दोषियों को सजा देने की मांग भी की जा रही है। भारतीय समाज बेहद संवेदनशील है। इसकी व्यापक अभिव्यक्ति सोशल मीडिया पर देखी जा रही है। इस संवेदनशील विषय पर भोजपुरी लोकगीत कलाकार नेहा सिंह राठौड ने सरकारी अधिकारियों पर यूपी में का 'बा' सीजन 2 के अपने एक वीडियो के माध्यम से गम्भीर कटाक्ष किये जिस पर यूपी पुलिस ने इस कलाकार को सूचना-पत्र देकर सवाल पूछे है। पुलिस के नेहा को दिए सूचना-पत्र को लेकर भी सवाल उठ रहे है। कलाकार इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार के रूप में देख रहें है। दरअसल सरकारों के विरुद्ध कवि, लेखक, गायक, कलाकार लिखते-बोलते है। संविधान में नागरिकों को यह अधिकार दिया है। नेहा सिंह राठौड़ के गीत मात्र से कानपुर देहात की पुलिस औ? यूपी सरकार की छवि खराब होने की बात बेहद हास्यास्पद है। यूपी पुलिस ने सरकार की शह पर सूचना-पत्र के बहाने कलाकारों और कलमकारों को चेतावनी है कि वह सरकार के खिलाफ न लिखें। इन सबके बीच एमपी के इंदौर में प्राचार्य विमुक्ता शर्मा की पेट्रोल डालकर हत्या किए जाने की घटना, यूपी के मंडौली गांव में माँ-बेटी की जलने से मौत की घटना बेहद निंदनीय, विचारणीय, औ? सोचनीय है। सरकारों को चाहिए ऐसी घटनाओं को पुनरावृत्ति न हो। सरकारों का यह प्राथमिक दायित्व है कि वह नागरिकों के जीवन की रक्षा करें। उन्हें सम्मान पूर्वक जीवन व्यापन के हालातों का निर्माण करें। कलाकारों, लेखकों, साहित्याकारों, कवियों, पत्रकारों को सरकारों की आलोचनाओं पर रोकने, टोकने नोटिस भेजने के स्थान पर सरकार की कार्यप्रणाली में सुधार के प्रयास करें। जनतंत्र की यही विशेषता भी है।

# खुद शिकारी शिकार हो गया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

अखबार में कितना सच और कितना झूठ छपा है इसे जानने के लिए केवल पढ़ा-लिखा होना काफी नहीं होता। पढ़े-लिखे एक ही खबर को अलग-अलग समाचार पत्रों में अलग-अलग तरह से पढ़कर अपना माथा फोड़ते रहते हैं। पढ़ा-लिखा होना गर्व की बात है। उस गर्व का गुबार तो उस समय निकल जाता है जब छपी सामग्री समझ में न आने पर खुद की पढ़ाई पर लानत पैदा होती है। समाचार के पहले दो-तीन पन्ने झूठ छापने की होड़ में लगे रहते हैं। जो जितना झूठ छापता है वह उतना विज्ञापन पाता है। सच छापने वाले के दफ्तर ईडी, इनकम टैक्स वाले अपना छापा लिए पहुँच जाते हैं। अगले दिन से सच छापने वाला खुद को झूठा साबित करने के लिए सड़क पर आ जाता है। इसीलिए समझदार लोग क्लासीफाइफ पढ़ते हैं। वैसे ये भी झूठे होते हैं, लेकिन पहले तीन पन्नों की तुलना में बहुत बेहतर होते हैं। ऐसे झूठ से सेप्टिक नहीं होता। इसी क्लासीफाइड को पढ़ते हुए अचानक मेरी निगाह एक विवाह के विज्ञापन से जा टकराई। चट मंगनी पट ब्याह मैरेज ब्यूरो को दस हजार भरकर जैसे-तैसे लड़की का नंबर हासिल किया। मैरेज ब्यूरो वाले का हवाला देते हुए लड़की की पसंद-नापसंद के बारे में बात करते हुए उसे फोन पर हाय-हैलो किया।

पता लगाने पर मालूम चला कि लड़की के पिता का देहांत हो गया है। यह सुनकर ऊपर से दुख और भीतर से खुशी हुई। बिन बाप की बेटी पर डोरे डालना आसान होता है। माँ नौकरी करती थी। कामकाज करना किसी के लिए परिवार चलाने का कारण होता है तो कुछ के लिए उनके पीठ पीछे गुलछर्रे उड़ाने का बहाना। पता नहीं ऐसी स्थिति में कुछ लोग इंसान से साँप कब बन



जाते हैं। चिड़िया की माँ उधर दाने की खोज में निकली इधर साँप चिड़िया की ओर।

खाली हाथ किसी के घर जाना बुरी बात है। अपने मतलब की चीज उसके मतलब की बताकर मिलना तो और बुरी बात है। वह क्या है न कि कुछ बुरा करने के लिए भी पहले पहल कुछ अच्छा करना पड़ता है।

मेरी खराब नियत 24 कैरेट सोने की तरह चमक रही थी। कई दिनों तक खुफियागिरी करते हुए माँ के घर पर आने-जाने का समय पता लगाया। पता चला चिड़िया की अम्मा अल सुबह निकलती है और देर राती है। प्राइवेट नौकरी जो करती है। प्राइवेट नौकरी में काम कम करवाया जाता है, खून ज्यादा चूसा जाता है। माँ के बहाने लड़की से मिलना काला सच होता है। लड़की समझदार हो तो मतलबियों की चाल-ढाल से ही उसके सियारपन को भांप लेती है। वह समझदार थी। भांप गयी। लेकिन झूठ के आगे किसका बस चलता है। मैंने झूठ का पुलिंदा खड़ा कर दिया। मैरेज ब्यूरो को फोन लगाकर लड़की को फोन थमा दिया। ब्यूरो का भी कोई चरित्र होता है भला। ये पुलिस वालों से भी ज्यादा कमीने होते हैं। पैसा देखकर पुलिस से ज्यादा इनका ईमान डोल जाता है। वह मुझसे कभी नहीं मिले थे। हाँ मेरा पैसा उनसे बहुत बार मिल चुका था। इसीलिए उन्होंने मेरी इतनी तारीफ कर दी कि लड़की के पास विश्वास करने के सिवाय कोई चारा ही नहीं था। वह भी वहीं के कष्ट से मरने वाली कस्टमर थी।

बहुत देर की बातचीत के बाद लड़की ने मीठे-मीठे शब्दों का मायाजाल फेंका। मैं फँसता चला गया। कब शिकार-शिकारी का रोल बदल गया इसका पता दो लाख रुपए हाथों हाथ लेने के तीन दिन बाद पता चला। वह भी उसी झूठे अखबार से जिसमें लिखा था कि शहर में एक माँ-बेटी मैरेज ब्यूरो में झूठा नाम-पता लिखवाकर सियारों का शिकार कर रहे हैं। इस बार अखबार की यह खबर सच्ची थी।

# नीली अर्थव्यवस्था – अवसरों का एक महासागर

**किशन भावनानी**

**गोंदिया - वैश्विक** स्तरपर भारत विकास के क्षेत्रों में खलबली मच आते हुए, तात्कालिक तीव्रता से अपने विकास के लक्ष्यों की ओर कदम बढ़ाना शुरू कर चुका है।हालांकि इसकी गति को पिछले दो साल की भयंकर कोरोना महामारी की त्रासदी ने कुछ हद तक नुकसान पहुंचाया और विकास को दो साल पीछे कर दिया पर हम जांबांज भारतीय भी आसानी से हार मानने वाले नहीं हैं, अपना जज्बा और जांबाजी को कायम रखते हुए अपने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य और 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था में परिलक्षित कर विजय पताका फहराने का संकल्प को पूरा करने के लिए अभी हाल ही में भारत को विश्व की सबसे बड़ी 5 वीं अर्थव्यवस्था कर पहुंचाएं हैं। अभी हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ा दिए हैं जिसे अब विजन 2047 - आकांक्षा 47 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का हमारा वजन है जिसे करने के लिए नवोदय नीली अर्थव्यवस्था जो, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के उपसमूह के रूप में भी जानी जाती है इसको विज्ञान प्रौद्योगिकी की सहायता से समृद्ध करने के लिए विभिन्न संसाधनों का उपयोग करने के लिए, डीप ओशन मिशन,पहले ही शुरू है।अतः हमारे लिए नीली अर्थव्यवस्था की समृद्धि के लिए अनुसंधान प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका होगी ।

## फटाफट खबरें

### बरहौं में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, नौ घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के कुबरी रानीपुर गांव में एक घर में बरहौं कार्यक्रम दौरान दो पक्षों में लाठी-डंडे चलने से नौ लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गम्भीर रुप से एक घायल को प्रयागराज रेफर किया है।

ये मारपीट मानिकपुर थाना के कुबरी रानीपुर गांव में देर रात हुई। बताया गया कि प्रेम प्रसंग के चलते घटना हुई है। गांव में भारत पुत्र शम्भू के नाती का बरहौं था। बरहौं में शामिल होने हिमांशु पुत्र भोंडा, धर्मेन्द्र पुत्र संतलाल, भरत व अन्य परिजनों ने लाठी-डण्डों से पिटाई करना शुरू कर दिया। मार खाते देख हिमांशु व धर्मेन्द्र को बचाने संतलाला, शारदा, कुशनलाल पहुंच गये। परिजनों ने इनके साथ भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया।

सूचना पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने सभी घायलों के सीएचसी में भर्ती कराया। घायल सुरेश, अजय, छोटेलाल, भारत, रामदयाल, शारदा, संतलाल, कुशनलाल, हिमांशु हैं। इस बाबत मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांचकर दोनों पक्षों के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

### 64 क्वार्टर देशी शराब समेत 15 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर होली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 64 क्वार्टर देशी शराब तथा 15 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

सोमवार को भरतकूप थाने के दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने श्रवण उर्फ चुन्नू सिंह पवार पुत्र स्व जगरुप सिंह निवासी पहरिया बुजुर्ग के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब के बरामद कर चालान किया है। भरतकूप थाने के दरोगा कन्हैयालाल पाण्डेय की टीम ने छोटा भइया पुत्र स्व रामआधार निवासी पहरा के कब्जे से 23 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया है। सरधुआ थाने के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने अमृतलाल पुत्र रामपाल निवासी बडहर का पुरवा मजरा सुरवल के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब बरामद कर चालान किया है।

इसी क्रम में चैकी प्रभारी गनीवा जनार्दन प्रताप सिंह की टीम ने भोला पुत्र भगवानदीन निवासी गनींवा के कब्जे से 21 क्वार्टर देशी शराब के बरामद कर चालान किया है।

### एडीएम को झांसे में लेकर लिया स्टाम्प वेंडरी का लाइसेंस, पीडिता ने डीएम से की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के खोह गांव की शकुन्तला देवी पत्नी शिववरन ने जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि सीमा देवी पत्नी गोकुल नई दुनिया बनकट कोतवाली कर्वी ने फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर दलित महिला बनकर स्टाम्प वेंडर का गलत ढंग से लाइसेंस प्राप्त कर लिया है। इसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के खोह गांव की शकुन्तला देवी पत्नी शिववरन ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि कोतवाली कर्वी के नई दुनिया बनकट की सीमा देवी पत्नी गोकुल ने उसके पति शिववरन पुत्र रामकृपाल नाई को दुष्कर्म व एससी-एसटी एक्ट के मामले में 27 मई की रिपोर्ट लिखाते हुए छह जुलाई को झूंठा फंसाया है। सीमा देवी के न्यायालय में बयान हो चुके हैं। पीडिता ने श्री युगल बिहारी इंटर कालेज रामेश्वर वाराणसी से सूचना अधिकार के तहत सीमा देवी पुत्री पंचदेव पाल की सूचना प्राप्त की है। कक्षा आठ उसने उच्च प्राथमिक कन्या विद्यालय हाथी बाजार वाराणसी से पास किया है। पीडिता ने कहा कि सीमा देवी पुत्री पंचदेव पाल गडरिया जाति में पैदा हुई है। उसने महोबा जिले के चरखारी तहसील के ऐंचाना गांव के गोकुल से विवाह कर मीरा नाम से वरासत में अपने तथा पुत्र मुकेश व नितेश के नाम फर्जी ढंग से दर्ज कराये हैं।

पीडिता ने कहा कि सीमा देवी ने अपर जिलाधिकारी को धोखा देकर स्टाम्प वेंडर का फर्जी ढंग से खुद को अनुसूचित जाति का बताते हुए लाइसेंस ले लिया है। पीडिता ने मांग किया कि सीमा देवी के खिलाफ धोखाधडी की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही कर स्टाम्प वेंडरी का लाइसेंस भी रद्द किया जाये।

### चाचा-भतीजा की जोडी पीएम आवास योजना में कर रही अवैध वसूली

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के चन्द्रामारा गांव में रोजगार सेवक और सचिव की मिलीभगत से प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध वसूली हो रही है। सोमवार को मानिकपुर ब्लाक के चन्द्रामारा गांव में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध वसूली की शिकायत की है। गांव में तैनात सचिव ज्ञान सिंह पटेल व रोजगार सेवक संजय पटेल चाचा-भतीजा है। दोनों की जोडी अवैध वसूली में कमाल कर रही है। पीएम आवास योजना में अवैध वसूली कर मालामाल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवास योजना का लाभ देने के एवज में दस हजार रुपये प्रति आवास अवैध वसूली की जा रही है। मनरेगा योजना के मेडबन्दी के कार्यों व समतलीकरण में भी जमकर खेल किया जा रहा है। बिना कार्य पूरा कराये भुगतान लिया जा रहा है। मौके पर कार्य पूरे नहीं हुए। बिना कार्य करने वाले लोगों को मजदूर दिखाकर फर्जी मस्टररोल भरकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि रोजगार सेवक संजय पटेल खुद को सत्ताधारी दल के नेता का रिश्तेदार होने का दम्भ भर रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले को संज्ञान में लेकर अवैध वसूली की जांच की मांग की है। दोषी पाये जाने पर कार्यवाही की भी मांग की गई है।

### पुलिस द्वारा चार अन्तर्राज्यीय शातिर चोर चोरी के माल सहित गिरफ्तार

**उरई(जालौन)।** थाना माधौगढ़ पुलिस द्वारा 04 शातिर अंतर्राज्यीय चोरों को अवैध असलहा व मादक पदार्थ (चरस) व चोरी के माल/दस्तावेज/मोबाइल फोन/कैमरा तथा 02 अदद चोरी की मोटर साईकिलों के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया। उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त गणों में ग्राम कुरौंती थाना माधौगढ़ निवासी रनू उर्फ धर्मेन्द्र सिंह पुत्र भिखारी लाल,धर्मेन्द्र सिंह उर्फ डी.के.पुत्र रामसिंह कुशवाहा,मनीष पुत्र रामजीवन कुशवाहा एवं ग्राम ररी थाना मिहोना जिला भिण्ड म.प्र.निवासी राहुल कुशवाहा पुत्र दारासिंह कुशवाहा आदि शामिल हैं।जिनके पास से चोरी की दो मोटर साइकिलें,मोबाइल, सोने व चांदी के जेवरात, चांदी के सिक्के,गाय की मूर्तियां,मादक पदार्थ अवैध शस्त्र आदि के साथ उपरोक्त अभियुक्तगणों द्वारा उ.प्र.म.प्र.सहित कई जिलों में लूट जैसी नौ घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया है।

# आप ने मोदी की तानाशाही के खिलाफ निकाला जुलूस

## राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में आप कार्यकताओं ने जिले में जुलूस निकालकर प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार रामानन्द मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि दिल्ली के डिप्टी सीएम/शिक्षामंत्री मनीष सिसौदिया व आप के अन्य मंत्रियों को निराधार फर्जी ढंग से गिरफ्तार किया गया है।

सोमवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में आप कार्यकताओं ने जिले में विरोध प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला। जुलूस शहर की गलियों से गुजरता हुआ एसडीएम कार्यालय पहुंचा। यहां नायब तहसीलदार रामानन्द मिश्रा को सौंपे ज्ञापन में कहा कि दिल्ली के डिप्टी सीएम/शिक्षामंत्री मनीष सिसौदिया को सीबीआई ने असंवैधानिक ढंग से गिरफ्तार किया है। आप सांसद संजय सिंह, मंत्री गोपाल राय, विधायक ऋतुराज झां, दिनेश मोहनिया, रोहित महरौलिया, आदिल खान समेत कई पार्षदों और कार्यकताओं को फतेहपुर बेरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिल्ली के बच्चों के सुनहरे भविष्य को रात-दिन मेहनत करने वाले मनीष सिसौदिया को गिरफ्तार करके भाजपा ने साबित कर दिया है कि आम आदमी पार्टी के सिद्धान्तों और बढती लोकप्रियता से भयभीत है।

ज्ञापन में कहा कि दिल्ली की शिक्षा, यातायात, चिकित्सा माडल देशवासियों की




पहली पसन्द बन चुकी है। सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री मोदी वास्तव में भ्रष्टाचारियों को सजा देना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने मित्र अडानी पर किसी तरह की जांच क्यों नहीं करवाई। भाजपा की तानाशाही चरम पर है। इस तरह का असंवैधानिक कृत्य आम आदमी पार्टी बर्दास्त नहीं करेगी। इस मौके पर आप नेता जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला, नर्मदा प्रसाद यादव जिलाध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ, योगेन्द्र कुमार रैकवार श्रम प्रकोष्ठ, दिलीप सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष, सुरेश सिंह नगर अध्यक्ष, महफूल अहमद जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राजबहादुर साहू पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, शिवप्रकाश सिंह ओबीसी प्रकोष्ठ, लवदीप सिंह ब्लाक अध्यक्ष पहाड़ी, अली हसन सचिव, कल्लू खान, शंकर दयाल अग्रहरि, अनिल शुक्ला जिला प्रभारी बांदा, कुबेर प्रसाद पाल पूर्व जिलाध्यक्ष ओबीसी, अमरनाथ पाल, अनुरुद्ध सिंह यादव जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, शिवशंकर, सूरज श्रीवास्तव सोशल मीडिया प्रभारी, आकाश नागर, श्यामबाबू त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष, डॉ रमाकांत गुप्ता मीडिया प्रभारी, अविनाश चंद्र त्रिपाठी विधानसभा अध्यक्ष मानिकपुर, आशीष त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ, सन्तोष त्रिपाठी चुनाव प्रभारी मऊ, रूखसाना बेगम संभावित प्रत्याशी मऊ, महबूब खान, मोहम्मद ईस्ताक, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# मानिकपुर रेलवे स्टेशन दुल्हन की तरह सजा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर रेलवे स्टेशन के बाहर सकुर्लेटिंग एरिया में रेलवे के जनरल मैनेजर इलाहाबाद के आगमन की सूचना पर एक माह से रेलवे स्टेशन में साफ-सफाई व रंगरोगन का कार्य तेजी से चल रहा है। ऊबड-खाबड पडे सकुर्लेटिंग एरिया का सुन्दरीकरण किया गया है।

सोमवार को मानिकपुर रेलवे स्टेशन के सुन्दरीकरण का कार्य तेजी से जारी है। रेलवे के जनरल मैनेजर इलाहाबाद के आगमन की सूचना पर सकुर्लेटिंग एरिया में साफ-सफाई करके पार्क



बनाकर घास को लगाया गया है। मानिकपुर इलाहाबाद बैंक के पास स्टेशन के बाहर गुमगाई सेठ की दुकान के पास से जहां से सकुर्लेटिंग एरिया शुरू होता है, वहां पर बडे-बडे स्वागत गेट लगाये गये हैं।

रेलवे स्टेशन के बाहर सडकों पर जनरल मैनेजर के स्वागत को फूलदार गमले रखे गये हैं। जनरल मैनेजर के आने की तिथि की जानकारी अधिकृत तौर पर कोई नहीं दे रहा है। मानिकपुर रेलवे जंक्शन स्टेशन जनरल मैनेजर के आने के इंतजार में दुल्हन की तरह सज-धज कर तैयार हो चुका है।

# चैकडी के पुलिस गिरफ्त में आने पर होंगे चैंकाने वाले खुलासे

## चैकडी के पास है अरबों की सम्पत्ति-प्रवर्तन निदेशालय से जांच की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** निखत अंसारी के जेल मिलनकांड में दिन-प्रतिदिन नये-नये खुलासे हो रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि कलेक्टेज्ट में तैनात एक लिपिक/शराब माफिया, एक बैंक मैनेजर, शंकर बाजार का एक अग्रहरि व जेल कैंटीन संचालक/भू-माफिया नवनीत सचान का एक ही गुट है। इन सभी का अंसारी परिवार से पुराना रिश्ता है। ये सभी लोग अल्पकालखंड में करोडों में कैसे खेलने लगे, ये खुद में एक बडा सवाल है।

अंसारी परिवार के लोगों से जुडे इस गुट का खुलासा सोमवार को खास सूत्रों ने किया है। बताया गया कि अल्पकालखंड में करोडों-अरबों की दौलत के ये लोग कैसे मालिक बन बैठे, इनकी आय के कौन से ऐसे स्त्रोत हैं, जिनसे पाइप फैक्टरी समेत करोडों की जमीन के देखते-देखते मालिक बन बैठे। इनमें सबसे प्रमुख नाम कलेक्टेज्ट में तैनात एक लिपिक/शराब माफिया का उभरकर



सामने आता है। इस लिपिक की आमदनी क्या है और ये लिपिक देखते ही देखते अरबों की दौलत का स्वामी बन गया है। इसने बनवारीपुर व गंगाजी रोड समेत कई स्थानों पर जमीनें खरीदने के साथ फैक्टरियां लगा रखी हैं। अब शंकर बाजार के एक अग्रहरि की बारी आती है। ये कभी पंचर जोडने की दुकान करता था। अब ये फर्जी गुटखा फैक्टरी समेत रातों-रात जमीनों की खरीद-फरोख्त के कारोबार में लगा है।

इन सभी का आका एक बैंक मैनेजर है, जो खुद को सत्ता पक्ष के एक बडे नेता का रिश्तेदार बताने का दम्भ भरता है। नोटबन्दी के समय इसने कुछ स्वजातीय नेताओं के कालेधन को सफेद करने का बडे पैमाने पर काम किया है। अब बारी आती है जेल कैंटीन संचालक/भू-माफिया नवनीत सचान की। नवनीत ने भी जल्दी-जल्दी जिले में कई स्थानों पर जमीनों पर करोडों रुपये निवेश किये हैं। इन सभी के ताल्लुक अंसारी बंधुओं से पहले से रहे हैं। जेल में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो अंसारी के जेल मिलनकांड में पकडे जाने पर जिले के इन माफियाओं का खुलासा धीरे-धीरे जोर पकडने लगा है। इन सभी की सम्पत्तियों की प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराई जाये तो चैंकाने वाले खुलासे लोगों के सामने होंगे। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला से लोगों ने मांग की है कि इन्हें भी अपने रडार में लेकर जल्द छानबीन कर खुलासा किया जाये। इन लोगों के नाम-पते इस संवाद्दाता के पास सुरक्षित हैं।

# तस्करों के कब्जे से पुलिस ने बरामद किया दस किलो गांजा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मानिकपुर थाना पुलिस ने दो गांजा तस्करों को दबोचकर छह किलो छह सौ ग्राम सूखा गांजा बरामद किया है। इसी क्रम में भरतकूप पुलिस ने तीन किलो डेढ सौ ग्राम हरा व सूखा गांजा एक युवक के कब्जे से बरामद कर चालान किया है।

सोमवार को होली पर्व के मद्देनजर पुलिस मादक पदार्थों की जांच पडताल में जुटी है। मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह चैहान की टीम ने अवनीश उर्फ रिंकू पुत्र मनोज पाण्डेय निवासी सुरसेन थाना सरधुआ व किशोरीलाल पुत्र तेरस प्रसाद निवासी खंडेवरा थाना रैपुरा के कब्जे से क्रमशः तीन किलो व तीन किलो छह सौ ग्राम सूखा गांजा बरामद किया है। पूंछताछ में दोनों ने बताया कि वे लम्बे समय से गांजा




की तस्करी कर रहे हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्जकर चालान किया है। टीम में मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह चैहान व सिपाही चन्द्रप्रकाश तथा विमलेश कुमार शामिल रहे।

इसी क्रम में भरतकूप थाने के थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द की अगुवाई में पुलिस टीम ने राजेश कुमार यादव पुत्र विजय पाल निवासी बरगदहापुरवा मजरा दहिनी के कब्जे से एक किलो पांच सौ पचास ग्राम हरा व एक किलो छह सौ ग्राम सूखा गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द के साथ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही वसीम खां, अंकित राजपूत, सतीश कुमार, मो इरफान, शिवम मिश्रा व महिला सिपाही शिखा उतगेरकर शामिल रहीं।

### सड़क दुर्घटना में मारे गए 48 प्रतिशत लोग सुरक्षा उपकरण नहीं धारण किए थे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में साल 2021 में सड़क हादसों में मारे गए करीब 48 फीसदी लोग हेलमेट या सीट बेल्ट नहीं लगाए थे। 2021 में, लगभग 21,227 लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए और 2021 और 2022 में दुर्घटनाओं में से 70 प्रतिशत मौतें अकेले राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य राजमार्गों पर हुईं। सड़क सुरक्षा पर सर्वोच्च न्यायालय की समिति (एससीसीओआरएस) ने पिछले सप्ताह लखनऊ का दौरा किया था और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण), पुलिस और परिवहन विभाग सहित विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक की। प्रमुख सचिव, परिवहन, एल वेंकटेश्वरलू ने कहा, बैठक में, हमने राज्य में सड़क सुरक्षा के समग्र परिध्श्य पर एक प्रस्तुति दी और समिति को सूचित किया कि दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में मौतें संभवतः इसलिए हुईं क्योंकि पीड़ितों ने सुरक्षा उपकरण नहीं पहने थे।

## न्यूज झरोखा

### यातायात पुलिस द्वारा नो एंट्री पॉइंट पर वाहनों की हुई चेकिंग, यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया एवं जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गये




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट ।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात राजकमल के पर्यवेक्षण में टीएसआई योगेश कुमार यादव के नेृत्तव में यातायात पुलिस द्वारा नो एंट्री पॉइंट पर 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट/सीट बेल्ट, ओवरलोड सवारी, ओवरस्पीड, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट की चेकिंग की गयी। टीएसआई श्री योगेश कुमार यादव द्वारा वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेडफोन या मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के लिए बताया गया। चेकिंग के दौरान मालवाहक वाहन को भी चेक किया गया ट्रैक्टर चालकों को कृषि कार्य हेतु वाहन उपयोग किए जाने हेतु बताया गया । वाहन चालकों को 03 सवारी, ओवर स्पीड एवं बिना हेलमेट वाहन न चलाने हेतु बताया गया । वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने, हेमलेट/सीट बेल्ट लगाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु बताया गया । वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने हेतु बताया गया । ट्रक चालकों को ओवरस्पीड वाहन न चलाने हेतु सख्त हिदायत दी गयी । वाहन चेकिंग के दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस, 03 सवारी, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट, ओवरस्पीड वाहनों का पेण्डिंग ई-चालान किया गया ।

### सर्राफ ने जेल से बचने के लिए भारी कीमत चुकाई, मोटी रकम का फील गुड़ होने पर देहरादून पुलिस भी बैरंग लौटी

**नगीना।** चोरी हुई सोने की चैन खरीदना एक सरार्फा को उस समय महंगा पड़ गया जब पकड़े गये चोर की निशानदेही पर देहरादून की पुलिस व एसओजी की टीम ने सरार्फा की दुकान पर पहुंच कर उससे सोने की चैन बरामद की और सर्राफ ने जेल से बचने के लिए भारी कीमत चुकाई तथा मोटी रकम का फील गुड़ होने पर देहरादून पुलिस भी बैरंग लौट गई। यह मामला नगर में चर्चा का विषय बन हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार नगीना देहात थाना क्षेत्र का रहने वाला कालिया नाम से मशहूल एक व्यक्ति चलती ट्रेनों और बसों में चेन स्नेचर वह अटैची चोरी करने में माहिर है बताया जा रहा है कि एक सप्ताह पूर्व कालिया ने देहरादून क्षेत्र से 2 लाख की कीमत की सोने की चैन चोरी की थी इस मामले में देहरादून पुलिस में रिपोर्ट दर्ज थी कालिया उक्त चोरी की चैन को नगीना के सर्राफ नरेश कुमार को मात्र 40 हजार रुपए में बेचकर चला गया था देहरादून पुलिस द्वारा कालिया नामक शातिर चोर की गिरफ्तारी व पूछताछ के बाद उसकी शिनाख्त पर देहरादून पुलिस एसओजी की टीम के साथ नगीना पुलिस के सहयोग से गत दिनों नगीना मे नरेश सर्राफ की दुकान पर पहुंची और रामनरेश से चोरी की खरीदी गई। सोने की चेन की बाबत जानकारी की तो सरार्फा ने असलियत बताते हुए सोने की चेन पुलिस के हवाले कर दी जिस पर पुलिस ने सरार्फा व्यापारी को हड़काते हुये कहा कि चोरी का माल खरीदना अपराध है यह कहते हुए पुलिस चोरी का माल खरीदने वाले सर्राफ को अपने साथ ले जाने लगी तभी वहां आसपास के दुकानदार और व्यापारी जमा हो गए तथा पुलिस से बात की। बताया जाता है कि चोरी की चैन खरीदने वाले उपरोक्त सरार्फा व्यापारी के हमदर्दी करने वाले तथाकथित दलाल प्रवृत्ति के 2 नामचीन लोगों ने 2 ढाई लाख रुपए देहरादून पुलिस की टीम को दिलवाकर आरोपी सरार्फा की गिरफ्तारी से जान बचाई और उसे छुड़वा दिया । बाद में देहरादून पुलिस बरामद चोरी की चेन व गिरफ्तार चैन चोर को अपने साथ लेकर खामोशी के साथ देहरादून के लिए बैरंग लौट गई।

### विवाहिता को मारपीट किया घायल, चार के खिलाफ मुकदमा

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासिनी विवाहिता पूजा यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाई की पुरानी विवाद को लेकर शनिवार की शाम कहासुनी के बाद जेठ बबलू, जेठानी पिंकी व लालती देवी, राजकुमारी ने लाठी डंडे से मारपीट कर मुझे घायल कर दिया।

# यूक्रेन को हथियार देने का फ्रांस में विरोध:सड़कों पर उतरे हजारों लोग बोले- इससे जंग बढ़ेगी, मदद करना है तो रूस को रोकें




**पेरिस।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच फ्रांस यूक्रेन को हथियार दे रहा है। इस फैसले के लिए अब फ्रांस को अपने नागरिकों का विरोध झेलना पड़ रहा है। पेरिस में हजारों लोग सड़कों पर फ्रांस सरकार के इस फैसले के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

लोगों का कहना है कि हथियार देने से जंग बढ़ती जाएगी। अगर सरकार मदद करना चाहती है तो उसे रूस को हमला करने से रोकना चाहिए। लोगों ने यूक्रेन के समर्थन में मार्च करते हुए शांति की मांग की। इसी तरह का मार्च जर्मनी के बर्लिन में भी निकाला गया। वहां, लोगों ने रूस से बातचीत करके मसले का हल निकालने की मांग की।

**तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बढ़ेगी**

प्रदर्शन कर रहे लोगों के हाथ में बैनर थे। इस पर लिखा था- फॉर पीस (शांति के लिए), नो टु थर्ड वर्ल्ड वॉर। उनका कहना है कि रूस-यूक्रेन के बीच बातचीत से हल निकलेगा। फ्रांस के हथियार देने से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बढ़ रही है।

**NATO छोड़े फ्रांस : प्रदर्शनकारी**

प्रदर्शनकारियों के हाथ में कई बैनर थे। इनमें से एक में लिखा- लेट्स क्विट नाटो। एक प्रदर्शनकारी ने कहा- फ्रांस को नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन छोड़ देना चाहिए। NATO यूरोप और उत्तरी अमेरिकी देशों का एक सैन्य और राजनीतिक गठबंधन है। इसमें अमेरिका का ज्यादा दबदबा है। प्रदर्शकारियों का कहना है कि फ्रांस आंख बंद करके अमेरिका का समर्थन करता है।

अमेरिका के बाद फ्रांस और अन्य यूरोपीय देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए थे। इनका कोई असर नहीं हुआ।लोगों का कहना है कि नाटो को कोल्ड वॉर के समय खत्म कर दिया जाना चाहिए था। NATO की वजह से जंग शुरू होती है। नाटो चीन को अपने अगले दुश्मन के रूप में देखता है और हमेशा चीन-ताइवान के मुद्दे को हवा देता है।

## नेपाल में बर्फबारी और बारिश



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। ऊंचे पहाड़ों और उत्तरी हिमालयी इलाकों में बर्फबारी हुई है। सबसे ज्यादा बारिश पोखरा घाटी में हुई है। नेपाल के मौसम पूर्वानुमान विभाग के मुताबिक, शाम तक पोखरा में 30 मिली लीटर से ज्यादा बारिश हो चुकी है। काठमांडू घाटी में एक मिलीमीटर बारिश हुई है। दोलखा, मनंग, मुस्तांग और अन्य इलाकों में बर्फबारी हुई है। नेपाल की राजधानी काठमांडू में इस वर्ष सर्दियों के दौरान देर से बारिश हुई है। तापमान में बढ़ोतरी से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

## प्रचंड सरकार की मुश्किलें बढ़ीं, केपी ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल ने वापस लिया समर्थन

**काठमांडू।** नेपाल में दो माह पहले ही सत्ता संभालने वाली प्रचंड सरकार मुश्किलों में घिर गई है। बता दें कि सरकार की अहम साझेदार और केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का एलान कर दिया है। सीपीएन-यूएमएल के डिप्टी चेयरमैन बिशनु पौडेल ने यह जानकारी दी है। सोमवार सुबह पार्टी की बैठक हुई, जिसमें सरकार से समर्थन वापस लेने का फैसला किया गया। सरकार पर मंडराते खतरे को देखते हुए नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल प्रचंड ने अपना पहला विदेश दौरा रद्द कर दिया है। बता दें कि प्रधानमंत्री प्रचंड अपने पहले विदेश दौरे पर कतर जाने वाले थे लेकिन अब खबर आई है कि उन्होंने अपना कतर दौरा रद्द कर दिया है। हाल ही में उनकी सरकार की सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के चारों मंत्रियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और सरकार से समर्थन वापस लेने का एलान कर दिया था। इससे पहले नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने भी प्रचंड सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। प्रचंड तीन मार्च को कतर के लिए रवाना होने वाले थे, जहां वह पांचवीं लीस्ट डेवलेप कंट्रीज कॉन्फ्रेंस में शामिल होते। अब प्रधानमंत्री के मीडिया समन्वयक सूर्य किरण शर्मा ने बताया है कि अहम राजनैतिक गतिविधियों के चलते उन्होंने अपना कतर दौरा रद्द कर दिया है। नेपाल में आगामी नौ मार्च को राष्ट्रपति चुनाव होना है।

## हॉन्गकॉन्ग में श्रद्धा जैसा मर्डर: पूर्व पति ने मॉडल के टुकड़े किए, फ्रिज से कटे हुए पैर बरामद; बाकी बॉडी पार्ट्स की सर्च जारी

**पटना।** हॉन्गकॉन्ग में दिल्ली के श्रद्धा वालकर जैसा मर्डर केस सामने आया है। यहां मशहूर मॉडल एबी चोई के पूर्व पति ने उनकी हत्या करने के बाद शरीर के टुकड़े कर दिए। पुलिस ने घर के फ्रिज से एबी के कटे हुए पैर बरामद कर लिए हैं। बाकी बॉडी पार्ट्स को खोजा जा रहा है। मीट स्लाइसर, इलेक्ट्रिक कटर और कुछ कपड़े भी बरामद किए गए हैं। 28 साल की चोई 22 फरवरी से लापता थीं। पुलिस ने 24 फरवरी को उनके घर की तलाशी ली। इस दौरान फ्रिज से उनके कटे हुए पैर मिले। हत्या के आरोप में 25 फरवरी को एबी के पूर्व पति को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पूछताछ करके बाकी बॉडी पार्ट्स की तलाश की जा रही है।

**पति के माता-पिता भी गिरफ्तार**

पुलिस ने बताया कि एबी के पूर्व पति एलेक्स क्वांग के साथ ही उसके माता-पिता और छोटे भाई को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सुपरिन्टेंडेंट एलन चुंग ने कहा- हम शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक घर की तलाशी लेने पहुंचे थे। यहां हमें एबी का आइडेंटिटी कार्ड, क्रेडिट कार्ड और उनका अन्य सामान मिला। हमने और तलाशी ली तो फ्रिज में उनके कटे हुए पैर मिले।

**बर्तन में ह्यूमन टिश्यू मिले: पुलिस**

पुलिस ने कहा कि ये मर्डर काफी प्लानिंग के साथ किया गया था। पुलिस सुपरिन्टेंडेंट एलन चुंग ने कहा- घर में घुसने के साथ ही हम समझ गए थे कि हम किसी क्राइम सीन पर हैं। हमें घर से ऐसी कई चीजें मिली हैं, जिनसे समझ आता है कि ये प्लान्ड मर्डर था। घर की दीवारें कपड़ों से ढंकी हुई थीं, ताकि दीवार पर खून के निशान न पड़ें। उन्होंने कहा- इसके अलावा हमें फेस शील्ड, रेनकोट, ग्लव्ज भी मिले हैं। ये कुछ ऐसी चीजें हैं जिन पर लगा खून आसानी से साफ हो जाता है। हमें कुछ बर्तनों में ह्यूमन टिश्यू भी मिले हैं। घर पर कोई फर्नीचर भी नहीं था।

## ईरान में छात्राओं को जहर दिया जा रहा:डिप्टी हेल्थ मिनिस्टर का खुलासा- स्कूल के पानी में केमिकल मिलाया गया, लड़कियां बीमार

**तेहरान।** ईरान में छात्राओं को पढ़ने से रोकने के लिए जहर दिया जा रहा है। इस बात का खुलासा डिप्टी हेल्थ मिनिस्टर यूनुस पनाही ने किया है। उन्होंने कहा- घोम शहर में नवंबर 2022 के बाद से रेस्पिरेटरी पॉइजनिंग के सैंकड़ों मामले सामने आए हैं।

उनका कहना है कि स्कूलों में पानी को दूषित किया जा रहा है जिससे छात्राओं को सांस लेने में दिक्कत आ रही है। इनमें उल्टी, जबरदस्त बॉडी पेन और दिमागी दिक्कत शामिल है। उनकी हालत इतनी बिगड़ रही है कि इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है। कुछ लोग गर्ल्स स्कूल बंद करना चाहते हैं

ईरान की न्यूज एजेंसी के मुताबिक, डिप्टी हेल्थ मिनिस्टर यूनुस पनाही ने कहा- घोम शहर के स्कूलों में छात्राओं को जहर दिए जाने के कई मामला सामने



आए हैं। इससे पता चलता है कि कुछ लोग लड़कियों की शिक्षा रोकना चाहते हैं और गर्ल्स स्कूल बंद करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा- ऐसा करने के लिए जो भी केमिकल कंपाउंड का इस्तेमाल किया जा रहा है, वो ज्यादा खतरनाक नहीं है। इसका इलाज जल्द किया जा सकता है। लेकिन छात्राओं को जानबूझकर जहर दिया जा रहा है। इस मामले की जांच हो रही है। उन्होंने इससे जुड़ी ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

**अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर**

इस मामले में फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं, लोरेस्टन प्रांत के डिप्टी गवर्नर माजिद मोनेमी ने कहा- बोरुजर्ड शहर में भी ऐसा ही मामला सामने आया। यहां 26 फरवरी को 50 से ज्यादा छात्राओं को जहर दिया गया। कई छात्राओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**इंटेलिजेंस एजेंसी जांच में जुटी**–14 फरवरी को बीमार हुई बच्चियों के पेरेंट्स ने सरकार से इस मामले में जांच की मांग की थी। इसके बाद ईरानी सरकार के स्पोक्सपर्सन अली बहादोरी जहरोमी ने कहा था- इंटेलिजेंस एजेंसी और एजुकेशन मिनिस्टर इस मामले की जांच कर रहे हैं। जल्द ही जहर देने वालों को पकड़ा जाएगा। न्यायिक जांच का आदेश भी दिया गया है।

## प्रधानमंत्री प्रचंड ने यूएमएल पर सरकार छोड़ने का दबाव बढ़ाया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री और सीपीएन (एमसी) अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड ने केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन (यूएमएल) पर सरकार छोड़ने का दबाव बढ़ा दिया है। उन्होंने सरकार में शामिल यूएमएल मंत्रियों के कामकाज पर रोक लगा दी है। प्रचंड ने रविवार शाम संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् के 52 वें सत्र में हिस्सा लेने जिनेवा जा रही विदेश मंत्री विमला राय पौड्याल को रोक दिया। मंत्री पौडयाल ने खुलासा किया कि मुख्य सचिव शंकर दास बैरागी ने उन्हें बताया कि प्रधानमंत्री प्रचंड ने उन्हें फोन पर जिनेवा नहीं जाने को कहा है। हालांकि मंत्री पौड्याल का दौरा मंत्रिपरिषद ने तय किया था।

प्रचंड ने विदेश मंत्री को रोक कर नेपाली टीम का नेतृत्व करने के लिए पूर्व मंत्री गोबिंद बंदी को भेज दिया है। पूर्व मंत्री गोबिंद बंदी, सीपीएन (यूएस) अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल के करीबी हैं। वह पहले माधव नेपाल की सिफारिश पर मंत्री बने थे। प्रचंड अब मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम को नया मोड़ देने की कोशिश कर रहे हैं। वह ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन (यूएमएल) को सरकार छोड़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इसका मकसद सरकार में शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस, माधव कुमार नेपाल के नेतृत्व वाले सीपीएन (यूएस) को शामिल करने का रास्ता साफ करना है सीपीएन यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने टिप्पणी की है कि प्रचंड ने उनके साथ विश्वासघात किया है। प्रचंड की पार्टी सीपीएन (एमसी) द्वारा नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार रामचंद्र पौडेल को समर्थन देने का फैसला करने के बाद ओली उनके प्रति आक्रामक हो गए हैं। हालांकि, यूएमएल ने 09 मार्च तक सरकार नहीं छोड़ने का फैसला किया है।

# अमेरिकी ऊर्जा विभाग का दावा, चीन की प्रयोगशाला में जन्मा कोरोना वायरस

**वाशिंगटन।** पूरी दुनिया के लिए मुसीबत बना कोरोना आज भी विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित दुनिया भर की एजेंसियों के लिए मुसीबत बना हुआ है। अब अमेरिकी ऊर्जा विभाग ने दावा किया है कि कोरोना वायरस चीन की एक प्रयोगशाला में जन्मा है।

कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर पहले भी चीन के ऊपर सवाल उठते रहे हैं। दावा किया जाता रहा है कि चीन की वुहान स्थित एक प्रयोगशाला में कोरोना वायरस बनाया गया था। चीन लगातार इन आरोपों को खारिज कर कहता रहा है कि कोरोना वायरस उसकी लैब में नहीं बना, बल्कि बाहर से आया। अब अमेरिका के ऊर्जा विभाग ने एक बार फिर नया खुलासा कर चीन को कठघरे में खड़ा किया है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग ने दावा किया है कि चीन की एक प्रयोगशाला से कोरोना वायरस के उत्पन्न



होने की संभावना सबसे अधिक है। इस संबंध में वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी ऊर्जा विभाग का निष्कर्ष नई खुफिया जानकारी का परिणाम है। इसे इसलिए भी महत्वपूर्ण बताया गया है क्योंकि एजेंसी के पास काफी वैज्ञानिक विशेषज्ञता है। ऊर्जा विभाग की इस रिपोर्ट को वर्गीकृत खुफिया रिपोर्ट के माध्यम से अधिसूचित कर हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अमेरिकी संसद के प्रमुख सदस्यों को सौंपा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड -19 वायरस एक चीनी प्रयोगशाला के माध्यम से फैला था। इससे पहले एफबीआई ने भी निष्कर्ष निकाला था कि 2021 में चीन में एक प्रयोगशाला में रिसाव के कारण कोरोना महामारी उत्पन्न हुई थी। एजेंसी अभी भी अपने दृष्टिकोण पर कायम है। उल्लेखनीय है कि 2019 के अंत में पहली बार कोरोना वायरस की पुष्टि चीन के शहर वुहान में हुई थी। इसके बाद से ही इसकी उत्पत्ति के लिए चीन को शक की नजरों से देखा जाता है। दअअसल, चीन पर पहले भी इस तरह के प्रयोग करने के आरोप लगते रहे हैं। हालांकि, चीन ने हर बार इन आरोपों को खारिज किया है। चीन का कहना है कि वह वायरस बाहर से आया था, या फिर जानवरों से मानवों में आया।

## नेपाल में यौन शोषण के आरोप में चीनी नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में यौन शोषण के आरोप में एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी सिद्धविक्रम शाह के मुताबिक चीनी नागरिक यांग ली मिंग को लड़कियों को बंधक बनाकर यौन शोषण करने की शिकायत के आधार पर ललितपुर जिले से गिरफ्तार किया गया है। वह नेपाल में रहकर व्यापार कर रहा था। एसएसपी शाह ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है। नेपाल पुलिस की सीआईबी टोलि ने लड़कियों को काठमांडू घाटी के बाहर से लाने और उनका यौन शोषण करने की शिकायत के आधार पर मिंग को गिरफ्तार किया और ललितपुर पुलिस को सौंप दी। एसएसपी शाह ने बताया कि पुलिस पांच लड़कियों को छुड़ाने के लिए दो महिलाओं के खिलाफ यौन शोषण के संदेह की जांच कर रही है।

> पुलिस ने बताया कि लड़कियों को काठमांडू के पास ललितपुर जिला गोंगटी में रखा गया था। एक किशोरी ने दुष्कर्म की शिकायत अपने परिजनों से की।

पुलिस ने बताया कि लड़कियों को काठमांडू के पास ललितपुर जिला गोंगटी में रखा गया था। एक किशोरी ने दुष्कर्म की शिकायत अपने परिजनों से की। परिजनों ने इस बात की शिकायत पुलिस से करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी शाह के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नई-नई लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनका यौन शोषण किया जा रहा है। अब तक दो बच्चियों के परिजनों ने शिकायत की है। हाल ही में चीनी नागरिक नेपाल में विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। उन्हें धोखाधड़ी, साइबर अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और हाल ही में उन्हें यौन उत्पीड़न के आरोप में भी गिरफ्तार किया गया है।

# इटली में नाव डूबने से बड़ा हादसा, तट पर बहते मिले 30 शव

### नाव पर सवार 100 लोगों में से 40 को बचाया गया

**रोम।** इटली में कालाब्रिया के दक्षिणी तट पर अप्रवासी नागरिकों से भरी एक नाव के डूबने से 30 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा हुआ और दक्षिणी इटली में समुद्र तट पर 30 लोगों के शव बहते हुए मिले हैं। हालांकि, इस हादसे में 40 से अधिक लोगों को बचा भी लिया गया है। इस नाव पर करीब 100 लोग सवार थे। स्थानीय रिपोर्ट के अनुसार कैलाब्रिया में क्रोटोन के तटीय शहर के पास स्थित बंदरगाह के



आयोनियन समुद्र में डूब गई। इटली के दक्षिणी तट पर एक इतालवी तट रक्षक ने लगभग 30 शवों को बहते हुए देखा है। इस हादसे में 40 से अधिक लोगों को बचा भी लिया गया है। बचाव दल के अधिकारी लुका कारी ने कहा कि बचाए गए लोगों में कई लोग घायल हैं। बचाव का प्रयास अभी भी जारी है। बरामद किये गए शवों की संख्या 30 बताई है, जिसमें कुछ महीने का एक बच्चा भी है। अभी तक मरने वाले प्रवासियों के बारे में और इस नौका के संबंध में पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। अधिकारियों ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं था कि नाव कहां से निकली थी, लेकिन कैलाब्रिया में ज्यादातर आने वाली प्रवासी नाव तुर्की या मिस्त्र के तटों से प्रस्थान करती हैं।

# अमेरिकी सांसद कृष्णमूर्ति की चेतावनी:बोले- रूसी हथियारों में लगे चीनी उपकरणों से जानकारी लीक होने का खतरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के भारतवंशी डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने भारत को रूस से इम्पोर्ट हथियारों की टेक्नोलॉजी में चीनी उपकरण लगे होने के संबंध में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि ऐसी नौबत आए कि रूस भारत को ऐसी टेक्नोलॉजी दे, जिसमें चीनी उपकरण हों।

इसका फायदा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी उठा सकती है। इससे चीन को भारतीय रक्षा प्रणालियों और भारत में इस्तेमाल हो रहे अमेरिकी हार्डवेयर के संबंध में जानकारी हासिल करने



का मौका मिल सकता है।

**रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों को समझते है**– कृष्णमूर्ति अमेरिका और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पर संसदीय समिति के सदस्य भी हैं। भास्कर को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि हमारी सामूहिक सुरक्षा के लिए संवेदनशील टेक्नोलॉजी के संबंध में अमेरिका और भारत की सरकारों के बीच शायद विस्तार से चर्चा हो रही है और होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों को समझते हैं। लेकिन समय के साथ अमेरिका सुरक्षा उपकरणों का अहम स्त्रोत साबित हो सकता है। इससे भारत की रूस पर निर्भरता कम होगी। दिल्ली में जन्मे कृष्णमूर्ति तीन साल की उम्र में अभिभावकों के साथ अमेरिका आ गए थे। वे चाइना कमेटी कही जाने वाली संसदीय समिति में डेमोक्रेट्स का नेतृत्व कर रहे हैं। उनका कहना है कि समिति का मकसद चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा प्रस्तुत आर्थिक, टेक्नोलॉजी और राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों की जांच करना और उनपर रिपोर्ट देना है।

**जी-20 में जारी नहीं हो सका जॉइंट स्टेटमेंट, यूक्रेन को लेकर मतभेद**

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले समूह जी-20 के सदस्य देशों में रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर मतभेद फिर सामने आया है। इसी कारण जी20 के वित्त मंत्रियों की बैठक एक संयुक्त घोषणापत्र जारी किए बगैर ही खत्म हो गई। जी-20 की अध्यक्षता कर रहे भारत ने शनिवार को ऐलान किया कि समूह के ज्यादातर देशों ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध की 'कड़ी निंदा' कर इस मांग को दोहराया है कि रूस, यूक्रेन से बाहर निकले। बेंगलुरु में वित्त मंत्रियों की बैठक के बाद भारत की तरफ से जारी बयान से संकेत मिलता है कि रूस और चीन को छोड़कर जी-20 ग्रुप के बाकी सभी सदस्य देशों ने रूसी युद्ध की निंदा की है।

# शैलेश पाठक फिक्की के नये महासचिव नियुक्त, एक मार्च को पदभार संभालेंगे

**नई दिल्ली।** शैलेश पाठक को भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) का नया महासचिव नियुक्त किया गया है। पूर्व नौकरशाह शैलेश पाठक एक मार्च को अपना पदभार संभालेंगे। उद्योग मंडल फिक्की ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि शैलेश पाठक को नया महासचिव नियुक्त किया गया है। फिक्की के मुताबिक पाठक एक मार्च को अपना पदभार संभालेंगे। बयान में कहा गया है



कि मौजूदा महानिदेशक अरुण चावला 30 जून, 2023 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उसके बाद वह सलाहकार की भूमिका में रहेंगे।

फिक्की के मुताबिक पाठक को बतौर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी के रूप में सरकार के साथ काम करने का अच्छा अनुभव है। शैलेश पाठक ने अपने 37 साल के करियर में सरकारी कामकाज के अलावा निजी क्षेत्र की कई कंपनियों में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली है।

फिक्की के अध्यक्ष सुभ्रकांत पांडा ने नए महासचिव की नियुक्ति पर कहा कि फिक्की के लिए उनसे व्यापक एजेंडे पर बारीकी से काम करने की उम्मीद है, जो सभी हितधारकों के हितों में हो। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि वह मेरी मदद करेंगे और लगातार संगठन की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।